


दैनिक

# सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन

वर्ष 54/ अंक 18/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10

संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल

■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, सोमवार 05 अगस्त 2024 भोपाल से प्रकाशित

dainiksandhyaprakash.in



**सोना 693 गिरकर 69,699 पर आया:** चांदी 1,765 फिसलकर 81,736 प्रति किलो बिक रही, कैरेट के हिसाब से देखें गोल्ड की कीमत

सांध्यप्रकाश विशेष

## सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर की सुरक्षित वापसी

### नासा के पास सिर्फ 14 दिन, क्या होगा अगला कदम



**नई दिल्ली।** भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनके सहयोगी बुच विल्मोर पिछले दो महीनों से अंतरिक्ष में फंसे हुए हैं। इन दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को उनके बोइंग स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान में तकनीकी समस्याओं के कारण अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ढ्डस्र) से वापस लौटने में कठिनाई हो रही है। नासा के पास अब इनकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए सिर्फ 14 दिन बचे हैं।

### वापसी में आ रही दिक्कतें

बोइंग स्टारलाइनर ने सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को 5 जून 2024 को ढ्डस्र के लिए रवाना किया था। 13 जून को जैसे ही स्टारलाइनर ढ्डस्र पर पहुंचा, यान के थ्रस्टर्स और हीलियम सिस्टम में गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो गईं। इस तकनीकी बाधा के कारण, यान की वापसी योजना में अत्यधिक देरी हो गई है, और अब तक इनकी पृथ्वी पर वापसी नहीं हो पाई है।

### केवल 14 दिन बचे

सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर की वापसी के लिए नासा को केवल 14 दिन का समय मिला है। इसके बाद, नासा के क्रू-9 मिशन का लॉन्च होगा, जो इस समयसीमा में और जटिलताएं पैदा कर सकता है। क्रू-9 मिशन की लॉन्चिंग के बाद, स्टारलाइनर को ढ्डस्र से डॉकिंग पोर्ट से हटाना होगा, जो नासा की स्थिति को और अधिक चुनौतीपूर्ण बना सकता है।

### समस्याओं का सामना

स्टारलाइनर के मिशन में समस्याएं आई हैं, जिसमें यान के सर्विस मॉड्यूल में पांच छोटे हीलियम लीक शामिल हैं। ये समस्याएं यान की सुरक्षित वापसी को प्रभावित कर रही हैं और अंतरिक्ष यात्रियों की पृथ्वी पर वापसी को रोक रही हैं।

### अगला प्लान क्या होगा?

**तकनीकी समाधान-** नासा और बोइंग की टीम ने यान की तकनीकी समस्याओं को शीघ्र हल करने के लिए कार्य करना शुरू कर दिया है। इस समयसीमा में इन समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करना प्राथमिकता है।

**वैकल्पिक उपाय-** यदि स्टारलाइनर की समस्याओं का समाधान संभव नहीं होता है, तो नासा अन्य विकल्पों पर विचार कर सकता है, जैसे कि एक नया यान भेजना।

**क्रू-9 मिशन की योजना-** क्रू-9 मिशन के लॉन्च की योजना को फिर से तैयार किया जा सकता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि स्टारलाइनर को सही ढंग से डॉकिंग पोर्ट से हटाया जा सके।

इस संकट के बावजूद, सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर की सुरक्षित वापसी नासा की सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है। इसके लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे और संभावित समाधानों पर तेजी से काम किया जाएगा।

इंदौर नगर निगम फर्जी बिल घोटाला

## अभय राठौर, ऑडिटर अनिल गर्ग के ठिकानों सहित 12 जगह ईडी की छापेमारी

**इंदौर।** इंदौर नगर निगम के 125 करोड़ रुपए के फर्जी बिल घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की एंट्री हो गई है। ईडी ने सोमवार सुबह घोटाले के मास्टर माइंड अभय राठौर, संयुक्त संचालक (ऑडिट) अनिल कुमार गर्ग के ठिकानों सहित 12 जगह छापे मारे हैं। छापे की कार्रवाई की शुरुआत 184-ए महालक्ष्मी नगर 'ओम सुख सांई एवेन्यू' में रहने वाले निगम इंजीनियर अनिल गर्ग के घर से हुई। परिवार के लोग थे जो टीम को देखकर घबरा गए। परिवार के लोग टीम को जानकारी देने से बचते रहे।




टीम ने मास्टर माइंड अभय राठौर और उसके बहनोई के भी घर छापे मारे। इस दौरान घर पर सिर्फ महिलाएं ही थीं। अन्य आरोपियों और उनसे जुड़े लोगों के ठिकानों पर छापे मारे गए।

निगम के फर्जी बिल घोटाले में पुलिस ने करीब 20 आरोपियों के खिलाफ अलग-अलग के दर्ज किए थे। इनमें ठेकेदारों के अलावा, निगम अधिकारी, कर्मचारी आदि शामिल हैं। ईडी द्वारा रेणु वडेरा निवासी 6 आशीष नगर, मोहम्मद जाकिर निवासी 147 मदीना नगर, राहुल वडेरा निवासी 2 आशीष नगर, राजकुमार पिता पन्नालाल साल्वी निवासी 78 अम्बिकापुरी हरीश श्रीवास्तव निवासी 55 सुखदेवनगर, प्रो. एहतेशाम पिता बिलकीस खान निवासी 128 माणिक बाग, जाहिद खान निवासी 101 सकीना अपार्टमेंट अशोका कॉलोनी, मोहम्मद साजिद निवासी मदीना नगर, मोहम्मद सिध्दिकी निवासी मदीना नगर), उदयसिंह पिता रामनरेश सिंह भदौरिया निवासी 31-सी सुखलिया, मुरलीधर पिता चंद्रशेखर निवासी 697 शिव सिटी राऊ, मौसम व्यास के ठिकानों पर भी छानबीन की सूचना है। इस पूरे घोटाले में राठौर ने खुद की कोई भूमिका नहीं होने की बात कही है। जिस सेक्शन में घोटाला होना बताया है उसमें खुद के नहीं होने के बात कही है।

## वैनगंगा नदी पर बने बांध का निरीक्षण किया मुख्यमंत्री ने



मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने आज जबलपुर से बालाघाट यात्रा के दौरान सिवनी ज़िले की छपारा तहसील अन्तर्गत वैनगंगा नदी पर बने भीमगढ़ बांध के बैकवाटर्स का निरीक्षण किया। साथ ही पिछले पखवाड़े यहां निर्मित बाढ़ की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को राहत कार्य सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश दिये।



सावन के तीसरे सामवार पर भोजपूर में भगवान शिव का 7.5 किलो फूलों से किया श्रृंगार।

# कोचिंग संस्थान डेथ चेंबर बन चुके हैं, ये स्टूडेंट्स को खतरे में डाल रहेः सुप्रीम कोर्ट

## केंद्र और दिल्ली सरकार को नोटिस दिया



**नई दिल्ली।** दिल्ली के राउ आईएएस कोचिंग के बेसमेंट में स्थित लाइब्रेरी में पानी भरने से 27 जुलाई को तीन स्टूडेंट्स की मौत हो गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए केंद्र सरकार, दिल्ली सरकार और म्यूनसिपल कॉर्पोरेशन ऑफ दिल्ली (एमसीडी) को नोटिस जारी किया।

कोर्ट ने कहा- सरकार कोचिंग संस्थानों में सुरक्षा के सभी उपायों को लेकर दिशा-निर्देश जारी करें। देश के हर कोने से बच्चे दिल्ली में पढ़ने आते हैं और ये संस्थान डेथ चेंबर बन चुके हैं। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने कोचिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया की अपील पर यह आदेश जारी किया। कोचिंग फेडरेशन ने मुखर्जी नगर में कोचिंग संस्थानों में सुरक्षा मानकों में कमी को लेकर याचिका लगाई थी।

### दिल्ली हाईकोर्ट ने कोचिंग हादसे की जांच सीबीआई को सौंपी

सुप्रीम कोर्ट से पहले दिल्ली कोचिंग हादसे पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई थी। कोर्ट ने 2 अगस्त को मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी। जांच की निगरानी सेंट्रल विजिलेंस कमेटी के अधिकारी करेंगे। कोर्ट ने कहा, लोगों को जांच पर शक न हो, साथ ही सरकारी कर्मचारियों के भ्रष्टाचार में शामिल होने से जांच प्रभावित न हो, इसलिए यह फैसला लिया गया है।

हाईकोर्ट ने दिल्ली पुलिस से पूछा कि आप सड़क पर जा रहे किसी व्यक्ति को कैसे अरेस्ट कर सकते हैं? आपको माफी मांगनी चाहिए। पुलिस का सम्मान तब होता है, जब आप अपराधी को गिरफ्तार करें, निर्दोष को नहीं। अगर आप किसी निर्दोष (मनुज कथूरिया) को गिरफ्तार करते हैं और दोषी को छोड़ देते हैं तो यह दुख की बात है। अच्छा हुआ, आपने पानी का चालान नहीं काटा। कोर्ट की फटकार के बाद दिल्ली पुलिस ने माफी मांगी। दिल्ली के राउ आईएएस कोचिंग के बेसमेंट में स्थित लाइब्रेरी में पानी भरने से 27 जुलाई को तीन स्टूडेंट्स की मौत हो गई थी। पुलिस ने घटना वाले दिन कोचिंग के बाहर एसयूवी लेकर निकलने वाले मनुज कथूरिया को अरेस्ट किया था। आरोप था कि गाड़ी निकलने से पानी का प्रेशर बढ़ा और कोचिंग के अंदर पानी घुसा। हालांकि, कार चला रहे मनुज को एक अगस्त को जमानत मिल गई थी।

## दिल्ली सरकार की सलाह के बिना एलजी कर सकते हैं नगर निगम में एल्डरमैन की नियुक्ति

दिल्ली नगर निगम में एल्डरमैन की नियुक्ति को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुना दिया है। कोर्ट ने कहा कि उपराज्यपाल (एलजी) सरकार से सलाह लिए बिना नगर निगम में एल्डरमैन की नियुक्ति कर सकते हैं। कोर्ट के फैसले के बाद आप सरकार को तगड़ा झटका लगा है। दिल्ली सरकार ने मंत्रिपरिषद की सलाह के बिना नगर निगम में एल्डरमैन की नियुक्ति करने के उपराज्यपाल के फैसले को चुनौती देते हुए कोर्ट में याचिका दायर की थी। इस पर सुनवाई करते हुए बीते वर्ष मई में सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। कोर्ट ने माना कि नगर निगम अधिनियम के तहत उपराज्यपाल को वैधानिक शक्ति दी गई है। जबकि सरकार कार्यकारी शक्ति पर काम करती है। इसलिए उपराज्यपाल को वैधानिक शक्ति के अनुसार काम करना चाहिए, न कि दिल्ली सरकार की सहायता और सलाह के अनुसार। कोर्ट ने कहा कि नगर निगम अधिनियम में प्रावधान है कि उपराज्यपाल नगर निगम प्रशासन में विशेष ज्ञान रखने वाले दस व्यक्तियों को नामित कर सकते हैं। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा ने कहा कि धारा 3(3)(बी)(आई) के तहत विशेष ज्ञान वाले व्यक्तियों को नामित करने की वैधानिक शक्ति पहली बार डीएमसी अधिनियम 1957 के 1993 के संशोधन द्वारा उपराज्यपाल को दी गई थी। एलजी का उद्देश्य कानून के जनादेश के अनुसार कार्य करना है और मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह से निर्देशित नहीं होना है। प्रयोग की जाने वाली शक्ति एलजी का वैधानिक कर्तव्य है न कि राज्य की कार्यकारी शक्ति।

## अमेरिका में मंदी की आशंका से सेंसेक्स 2,600 अंक गिरा

### निवेशकों के 17 लाख करोड़ डूबे

**मुंबई।** अमेरिका में मंदी की आशंका के चलते हफ्ते के पहले कारोबारी दिन यानी आज 5 अगस्त को सेंसेक्स में करीब 2,600 अंकों की गिरावट है। ये 78,400 के करीब आ गया है। वहीं, निफ्टी में भी करीब 750 अंक की गिरावट है, ये 24,000 के स्तर से नीचे आ गया है।

शेयर बाजार में तेज बिकवाली से निवेशकों को करीब 17 लाख करोड़ रुपए का घाटा हुआ है। सोमवार, 5 अगस्त को सुबह 11.40 बजे तक बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का ओवरऑल मार्केट कैप 440 लाख करोड़ रुपए हो गया। शुक्रवार को यह लगभग 457 लाख करोड़ था।



बीएसई पर सभी सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 10.24 लाख करोड़ रुपये घटकर 446.92 लाख करोड़ रुपये रह गया। सोमवार को रुपया अपने सर्वकालिक निचले स्तर 83.7525 पर पहुंच गया।

निफ्टी के 46 शेयर शुरुआती कारोबार में लाल निशान पर रहे। टाटा मोटर्स, हिंडाल्को, ओएनजीसी, श्रीराम फाइनेंस और जेएसडब्ल्यू स्टील निफ्टी पर टॉप लूजर्स के रूप में कारोबार करते दिखे। शुरुआती सौदों में ये 4.37 प्रतिशत तक गिर गए

### बीएसई पर 88 शेयर 52 हफ्ते के उच्चतम स्तर पर

सोमवार को शुरुआती सौदों में बीएसई पर 88 शेयरों ने आज अपने 52 सप्ताह के उच्चतम स्तर को छू लिया। दूसरी ओर, 42 शेयर अपने 52-सप्ताह के निचले स्तर पर पहुंच गए।

## संसदः सरकार वक्फ एक्ट में संशोधन बिल ला सकती है

### कांग्रेस का क्रीमीलेयर में संशोधन के लिए स्थगन प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र का आज (सोमवार 5 अगस्त) 11वां दिन है। प्रश्नकाल शुरू हो गया है। केन्द्र सरकार आज मौजूदा वक्फ एक्ट में करीब 40 संशोधन के लिए बिल ला सकती है। अभी वक्फ के पास किसी भी जमीन को अपनी संपत्ति घोषित करने की शक्ति है। नए बिल में इस पर रोक लगाई जा सकती है।



केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी तेल क्षेत्र (विनियमन और विकास) अधिनियम, 1948 में संशोधन करने के लिए तेल क्षेत्र (विनियमन और विकास) संशोधन विधेयक राज्यसभा में पेश करेंगे। इधर कांग्रेस सांसद मनिकम टैगोर ने लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव नोटिस दिया है। उन्होंने मांग की है कि ओबीसी-क्रीमी लेयर के आय मानदंड को संशोधित करें या ओबीसी के लिए क्रीमी लेयर को हटा दें।

**10 साल में जो लैंड जिहाद हुआ...-** सांसद संजय राउत ने कहा, इस देश में न जमीन जिहाद है न लव जिहाद है। मैं धर्म और जाति पर देखता हूं तो ये कोई भी कर सकता है यही महाराष्ट्र में हो रहा है इसे कानून से खत्म करना चाहिए चाहे कोई भी किसी धर्म का हो। 10 साल में जो लैंड जिहाद हुआ है वह इसी सरकार में हुआ।

### आज स्वास्थ्य बजट 90,958 करोड़ रुपये हुआः जेपी नड्डा

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने लोकसभा में कहा कि



2013-14 में स्वास्थ्य बजट 33,278 करोड़ रुपये था, आज वही बजट 90,958 करोड़ रुपये हो गया है। स्वास्थ्य बजट के इस आवंटन में 164 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। ये बताता है कि हमने स्वास्थ्य को प्राथमिकता दी है। नड्डा ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत 12 करोड़ परिवार यानी 55 करोड़ से ज्यादा लोगों को पांच लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा दी गई है। इसके साथ ही 1.73 लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्थापित किए गए हैं।

## रेलिंग तोड़कर खाई में गिरी बस, 35 घायल

### भोपाल से लाड़कुई जा रही थी ओवरलोड बस; घायल रेहटी और औबेदुल्लागंज में भर्ती

**बुदनी।** देलावाड़ी घाट पर एक ओवरलोड बस रेलिंग तोड़कर खाई में पलट गई। बस में करीब 50 यात्री सवार थे। 35 से अधिक यात्री घायल हुए हैं। हादसे के बाद ड्राइवर और कंडक्टर भाग गए। घायलों को इलाज के लिए रेहटी और औबेदुल्लागंज के अस्पताल ले जाया गया है। घटना ग्राम पंचायत सगोनिया में सोमवार सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे की है। बताया जा रहा है कि गुप्ता कंपनी की बस भोपाल से नसरूल्लागंज जा रही थी।



# हिंसा भड़कने से बांग्लादेश में अब तक कम से कम 300 लोगों की मौत, पूरे देश में लगा कर्फ्यू

बांग्लादेश में आरक्षण के खिलाफ छात्रों का प्रदर्शन लगातार जारी है। यहां रविवार शाम छह बजे कर्फ्यू लगा हुआ है। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अब तक हिंसा में कम से कम 300 लोगों की मौत हो चुकी है, हालांकि इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। प्रदर्शनकारी आज देशव्यापी कर्फ्यू का उल्लंघन करते हुए ढाका तक लांग मार्च का आयोजन कर रहे हैं।

बांग्लादेश में जारी हिंसा में 14 पुलिसकर्मियों समेत 100 से अधिक लोगों की मौत हो गई। वहीं, सैकड़ों घायल हुए हैं। इस बीच बांग्लादेश में तीन दिन के अवकाश का भी एलान कर दिया गया है। प्रदर्शनकारी छात्र लगातार प्रधानमंत्री शेख हसीना का इस्तीफा मांग रहे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, फेनी में हिंसा के दौरान पांच लोगों की मौत हुई है। इसके



अलावा सिराजगंज में चार, मुंशीगंज में तीन, बोगुरा में तीन, मगुरा में तीन, भोला में तीन, रंगपुर में तीन, पाबना में दो, सिलहट में दो, कोमिल्ला एक, जयपुरहाट में एक ढाका में एक और बारीसाल में एक व्यक्ति की मौत हुई है।

**भारत ने अपने नागरिकों से सतर्क रहने को कहा-** इससे पहले, भारत ने बांग्लादेश में रहने वाले अपने नागरिकों से संपर्क में रहने और सतर्क रहने को कहा है। बांग्लादेश में भारत के सहायक उच्चायोग की तरफ से जारी एक सोशल मीडिया में पोस्ट कहा गया, सिलहट स्थित भारतीय सहायक उच्चायोग के अधिकार क्षेत्र में रहने वाले छात्रों सहित सभी भारतीय नागरिकों से अनुरोध है कि इस कार्यालय के संपर्क में रहें और सतर्क रहें। किसी आपात स्थिति में +88-01313076402 पर संपर्क करें।

### ब्रिटेन में हिंसक प्रदर्शन, 150 से ज्यादा घायल

ब्रिटेन के साउथपोर्ट शहर में एक सप्ताह पहले चाकू हमले में 3 बच्चियों की मौत हो गई थी। इसके बाद शुरू हुआ बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। 17 शहरों में आगजनी और पुलिस से झड़प की खबरें हैं। इसमें कई पुलिसकर्मी घायल हैं, जिसमें एक की हालत गंभीर है। रविवार को दक्षिणपंथी प्रदर्शनकारियों ने उत्तरी इंग्लैंड के रॉदरहैम शहर में शरणार्थियों के लिए बने एक होटल में तोड़फोड़ की। रॉदरहैम शहर में रविवार को प्रदर्शनकारियों ने हॉलीडे इन एक्सप्रेस नामक एक होटल को निशाना बनाया। उन्होंने नारेबाजी करते हुए बोतलें फेंककर कई खिड़कियों के शीशे तोड़ दिए। इस होटल में 500 शरणार्थी रह रहे हैं। हालात को देखते हुए सरकार ने अब कार्रवाई के लिए पुलिस को फ्री हैंड दे दिया है। पुलिस ने इंग्लैंड और उत्तरी आयरलैंड में 150 से ज्यादा प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया है। ब्रिटेन में हुआ 13 साल का ये सबसे बड़ा दंगा बताया जा रहा है।

### अखंड भारत स्मृति दिवस पर तिरंगा यात्रा को लेकर कर्मश्री की बैठक का आयोजन, मुख्यमंत्री मोहन यादव भी शामिल होंगे

# प्रतिवर्ष की तरह 14 अगस्त को कर्मश्री निकालेगी विशाल तिरंगा यात्रा, हजारों लोग होंगे शामिल

### जिसके हाथ में तिरंगा हो वो हमारा है, उसका हाथ और साथ नहीं छोड़ेंगे: रामेश्वर शर्मा



**संत हिरदाराम नगर।** निरंतर अपने सांस्कृतिक और रचनात्मक आयोजनों हेतु सक्रिय भोपाल की कर्मश्री संस्था द्वारा 14 अगस्त को अखंड भारत स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यात्रा को लेकर संस्था के अध्यक्ष और भोपाल की हुजूर विधानसभा के विधायक रामेश्वर शर्मा ने रविवार को कर्मश्री से जुड़े सभी लोगों के साथ बैठक कर आयोजन संबंधी विस्तृत रूपरेखा पर चर्चा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हर-घर तिरंगा अभियान के तारतम्य में इस यात्रा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे।

ज्ञात हो कि विधायक रामेश्वर शर्मा द्वारा प्रतिवर्ष अखंड भारत के संकल्प के साथ 14 अगस्त को विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाता है। पिछले वर्ष इस यात्रा में 25 हजार से अधिक नागरिकों से सहभागिता की थी। इस साल इससे डेढ़ गुना अधिक लोगों के सम्मिलित होने की संभावना है। यात्रा हुजूर के मुखर्जी नगर कोलार से संत हिरदाराम नगर तक निकाली जाती है। जिसमें हजारों लोग हाथों में तिरंगा लहराते हुए चलते हैं। रविवार को मानस भवन में भोपाल के विभिन्न क्षेत्रों के लगभग 1500 कार्यकर्ताओं ने बैठक में सहभागिता कर भारत की इस विशाल तिरंगा यात्रा की तैयारियों को लेकर चर्चा की।

बैठक को संबोधित करते हुए विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि सैकड़ों वर्षों तक परतंत्रता की बेड़ियों में जकड़ी भारत माता की आजादी के लिए हजारों संघर्ष हुए। वर्षों तक चले इन संघर्षों में लाखों लोगों ने अपनी जान की कीमत चुकाई है। उनके बलिदान के परिणामस्वरूप हमारी भारत माता स्वाधीन हुई। लेकिन स्वाधीनता के साथ माँ भारती को एक दंश भी मिला। तत्कालीन नेताओं की गलतियों के कारण भारत दो हिस्सों में बट गया और अपने वीरों के बलिदान से मिली यह स्वतंत्रता अधूरी सी रह गई। 14 अगस्त 1947 तक भारत अपनी आजादी के उल्लास में डूबा था लेकिन अगली ही सुबह वह अपने बटवारे के क्षोब में डूब गया। आजादी के इतने वर्षों बाद भी अखंड भारत की स्मृतियाँ आज भी हमें चैन से नहीं बैठने देती। इसलिए हर वर्ष 14 अगस्त को हम अखंड भारत स्मृति दिवस मनाते हैं। और केवल दिवस ही नहीं मनाते बल्कि कर्मश्री के नेतृत्व में विशाल तिरंगा यात्रा निकालकर लोगों के मन में अखंड भारत के संकल्प को और प्रबल करते हैं। इसी लक्ष्य के साथ हम पुनः 2024 की विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन करने जा रहे हैं। इस बार यह यात्रा इतनी विशाल होगी कि भोपाल से निकली अखंड भारत की आवाज पूरे देश के दिलों में गूंजेगी। उन्होंने आगे कहा कि शहर में भारी बारिश के बाद भी इतनी बड़ी संख्या में आप सभी देश भक्तों की उपस्थिति ने बता दिया है कि हमारे लिए देश पहले है और यह तिरंगा यात्रा और भी भव्य और ऐतिहासिक होने वाली है।

इस बार प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव हमारी तिरंगा यात्रा में शामिल हो रहे हैं। आइए अपने मुखिया के नेतृत्व में राष्ट्र उत्सव को धूमधाम से मनाएं। देश के लिए देश भक्त अपनी जान तक दे देते हैं, हमे तो बस राष्ट्र जागरण के लिए जुटना है। यात्रा तो बस 1 घंटे की है पर इसका संदेश बहुत बड़ा है इसलिए भोपाल के हर क्षेत्र के देश भक्तों को जोड़ना है। मेरा वादा है कि जिसके हाथ में तिरंगा होगा वो सदैव हमारा है, उसका हाथ और साथ हम कभी नहीं छोड़ेंगे। याद रखें हम मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, चर्च भले न न जा पाएं, कोई बात नहीं। पर तिरंगे को नमन करना नहीं भूलना है। जहां है जैसे हैं, वैसे ही तिरंगे का सम्मान करना है।

## मैथिलीशरण गुप्त ने बुन्देलखण्ड को 'राष्ट्रकवि प्रसूता भूमि' का श्रेय दिया



**भोपाल।** राष्ट्रकवि गुप्त जयन्ती पर प्रदेष के साहित्यकारों ने 'कवि दिवस' मनाकर उन्हें स्मरण किया। दुष्यन्त संग्रहालय में वरिष्ट साहित्यकार देवेन्द्र कुमार जैन पूर्व डी.जे. के संयोजन, अक्षरा सम्पादक मनोज श्रीवास्तव की अध्यक्षता, धंष्याम मैथिल के संचालन और गुप्त जी की पौत्री कुमकुम गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न समारोह में प्रसिद्ध पद्म श्री कवि कैलाश मड़बैया ने गुप्त के साथ विताये क्षणों को स्मरण करते हुये कहा कि वे सादगी की प्रतिमूर्ति होते हुये भी हिन्दी के बट वृक्ष थे। बुन्देलखण्ड परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मड़बैया ने कहा कि मैथिलीशरण गुप्त ने ही बुन्देलखण्ड को 'राष्ट्रकवि प्रसूता भूमि' होने का श्रेय दिया। कैलाष मड़बैया ने अपनी कविता 'चलो चलन दो ढला चला' प्रस्तुत कर बुन्देली काव्यॉंजलि समर्पित की। अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव ने उन्हें भाषा का किसान निरुपित किया। कुमकुम गुप्ता व देवेन्द्र जैन चिरगॉंव ने अपने संस्मरण साझा किये। मुकेश वर्मा, अनुज सक्सेना, रुपाली सक्सेना, करुणा राजुरकर आदि ने कविताओं से श्रद्धासुमन समर्पित किये।

## आयुष्मान भव कार्यशाला का हुआ आयोजन

**भोपाल।** महापौर मालती राय के मुख्य आतिथ्य में जन स्वास्थ्य एवं जन कल्याण पर आधारित आयुष्मान भव कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के प्रारंभिक सत्र में महापौर मालती राय ने कहा कि भोपाल नगर निगम समग्र, स्वास्थ्य एवं कल्याण को बढ़ावा देने की दिशा में प्रभावी कदम उठा रहा है। इस अवसर पर आरती सिन्हा ट्रस्ट की आरती सिन्हा सहित गणमान्य नागरिक एवं आयोजक संस्थाओं के पदाधिकारी मौजूद थे। महापौर ने रविवार को भोजपुर क्लब में आरती सिन्हा ट्रस्ट एवं डिजार्ड ऑफ साउंड द्वारा कार्यशाला ''आयुष्मान भवन'' व मित्रता दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए महापौर श्रीमती राय ने कहा कि स्वास्थ्य एवं जनकल्याण के महान उद्देश्य को लेकर आयोजक संस्थाओं द्वारा जो कार्य किए जा रहे है वह सराहनीय है।

## मिठी गोबिंदराम स्कूल में नवीन छात्र परिषद गठन एवं शपथ ग्रहण समारोह



**संत हिरदाराम नगर।** मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल में छात्र परिषद का गठन किया गया जिसमें नवनिर्वाचित छात्रों ने अपने पदों की शपथ ग्रहण की। इस अवसर पर संस्था प्रमुख संत सिद्ध भाऊ उपस्थित थे। सिद्ध भाऊ ने नवनिर्वाचित छात्र परिषद के सदस्यों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके पद के प्रति जिम्मेदारी एवं कर्तव्यों पर महत्वपूर्ण चर्चा की। छात्रों को अभिप्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वाहन ईमानदारी और समर्पण के साथ करें। उनको विद्यालय परिसर में अनुशासित एवं स्वस्थ वातावरण निर्मित करने की जिम्मेदारी से अवगत कराते हुए उन्हें विद्यालय रूपी जहाज का कैप्टन बताया। निर्वाचित छात्र परिषद के सदस्य विद्यालय का आदर्श है। आपका व्यवहार, चरित्र, अनुशासन एवं अध्ययनशीलता ही अन्य विद्यार्थियों की प्रेरणा बनेगी। इस अवसर पर संस्था सचिव घनश्याम बूलचंदानी, सह-सचिव केएल रामनानी, संस्था सदस्य हीरो केसवानी, कोऑर्डिनेटर, शिक्षकगण एवं विद्यार्थीगण उपस्थित थे।




भोपाल में ज्यातिश द्वारा आर्गेनाइज योगिता मेकओवर और मातोश्री पार्लर ने कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें निलू रजक को अवार्ड मिला।

## लोकसभा चुनाव पूर्व बनी लालघाटी नेवरी मंदिर सड़क एक ही बारिश में उखड़ी



**संत हिरदाराम नगर।** वार्ड क्रमांक 6 अंतर्गत लालघाटी नेवरी मंदिर रोड की सड़क लोकसभा चुनाव पूर्व ही बनी थी और पहले मानूसन में ही उखड़कर गड्डों में तब्दील हो गई जिससे वाहन चालकों सहित रहवासियों को परेशानी हो रही है। कांग्रेस नेता ओम यादव ने इसमें भष्ट्राचार के आरोप लगाए है। मध्य प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ओम यादव ने आरोप लगाते हुए कहा कि सड़क में इतने गड्ढे हो गए हैं कि दोपहिया वाहन चालक दुर्घटनाओं के शिकार हो रहे हैं। नगर निगम के ऑफिसर इस पूरे भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने के लिए जनता की शिकायत

# अव्यवस्थाओं के साये में हुआ ये शाम मस्तानी कार्यक्रम

भोपाल। राजधानी में रविवार शाम को ये शाम मस्तानी कार्यक्रम का आयोजन रवींद्र भवन में हरफनमौला कलाकार किशोर कुमार की जयंती पर किया गया। लेकिन संस्कृति विभाग का यह आयोजन अव्यवस्थाओं के साये में संपन्न हुआ। वीआईपी पास बेचे जाने की खबरों के बीच लोगों के साथ जमकर बदतमीजी की गई।

इस कार्यक्रम में एंट्री को लेकर शहर के लोगों को रवीद्र भवन प्रशासन का विवाद लगातार बना रहा। कार्यक्रम में एंट्री नहीं मिलने पर लोगों के साथ धक्का मुक्की हुई। लोगों को बाहर निकाला गया। दूसरी ओर, प्रशासन के लोगों ने या आला अधिकारियों ने इस बारे में बात करने से मना कर दियौ। कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचीं आशी ठाकुर ने कहा- मुझे





नहीं पता था कि यहां पास का सिस्टम है। हमें तो लग रहा था पहले आओ पहले पाओ का सिस्टम होगा। हम काफी पहले भी आ गए थे, लेकिन फिर भी एंट्री नहीं मिली। वहीं, इला मिठा ने कहा कि हमें पता होता तो पास के तहत एंट्री है तो हम आते ही नहीं है। जबकि अखबार में आया था कि पहले आओ पहले पाओ के तहत एंट्री मिलेगी। बताया गया कि मंत्री के बंगले तक से वीआईपी एंट्री के पास बेचे गए। संस्कृति विभाग के आला अधिकारियों के यहां से भी वीआईपी पास कुछ खास लोगों तक भेजे गए। राज्यमंत्री इस सबसे बेखबर बताए जाते हैं।

कार्यक्रम में आए पवनदीप और अरुणिता लग जा गले, ये दिल तुम बिन, बेजुबां सा, नैना लगया, हीरिए हीरिए, दिल चीज क्या है आप मेरी, न तुम ना हो, आज मौसम बड़ा बेईमान है आने वाला कोई तूफान है, ए दिल ऐ नादान इत्यादि कई लोकप्रिय गीत सुनाए, जिन्हें सुनकर रसिक श्रोता झूम उठे। बता दें कि कार्यक्रम को देखने बड़ी संख्या में शहर के लोग पहुंचे। वहीं रवींद्र भवन के पुराने सभागार में भी एक स्क्रीन लगातार कार्यक्रम को प्रसारित किया गया।

**भीड़ की वजह से लगा जाम**

शाम के समय ट्रैफिक व्यवस्था ठीक नहीं होने से सड़क पर जाम लग गया। शहर के पॉलिटेक्निक स्क्वेयर, वीआईपी रोड, न्यू मार्केट में लगे लंबे जाम से लोग परेशान होते हुए नजर आए। आधे घंटे तक सड़कों पर वाहन रेंगते रहें।

## सेवा सदन में कर्मचारियों द्वारा क्षमा दिवस पर दो मिनिट का रखा मौन



**संत हिरदाराम नगर।** सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय में विश्व क्षमा दिवस पर कर्मचारियों ने दो मिनिट का मौन रखकर समाजसेवी और संत दादा जे.पी. वासवानी को श्रद्धांजलि अर्पित की। ज्ञातव्य है कि प्रतिवर्ष 2 अगस्त को दादा जे.पी. वासवानी का जन्मदिवस विश्व क्षमा दिवस के रूप में मनाया जाता है। साधू वासवानी मिशन पुणे ने समाज के सभी वर्गों के लोगों तथा समाज सेवा के क्षेत्र में कार्यरत संस्थाओं के लोगों से अपेक्षा की है कि इस दिन को क्षमा दिवस के रूप में मनाएं। वर्ष भर में जाने अनजाने किसी व्यक्ति को परस्पर व्यवहार में दुख पहुचा हो तो वे एक दूसरे को माफ कर दें। क्षमा करना एक मनोवैज्ञानिक प्रक्रिया है, जिससे क्षमा करने वाले और दुख देने वाले व्यक्तियों का हृदय निर्मल हो जाता है। प्रबंधन ट्रस्टी ए.सी.साधवानी, ट्रस्टीगण सुरेश आवतरामानी और राजकुमार मूलचंदानी, संत सेवक एल.सी. जनियानी और हीरो केसवानी, मेडिकल डायरेक्टर डॉ. प्रेरणा उपाध्याय, कार्यपालन अधिकारी पी.एस. राठौर, वरिष्ठ अस्पताल प्रबंधक कुशल धर्मानी और अनुशा तिवारी विशेष रूप से उपस्थित थे।

# काटजू अस्पताल में विषय विशेषज्ञों ने दी स्तनपान और पोषण आहार की जानकारी

**भोपाल।** सिविल हॉस्पिटल डॉ. कैलाशनाथ काटजू में स्तनपान जागरूकता एवं पोषण आहार परामर्श कार्यक्रम का आयोजन मंत्री लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री नरेंद्र शिवाजी पटेल की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम के पूर्व मंत्री द्वारा चालित खाद्य प्रयोगशाला का अवलोकन किया गया। इस प्रयोगशाला के माध्यम से खाने में मिलावट की जांच सरल विधियों से किए जाने की जानकारी दी जाती है। चलित प्रयोगशाला से विभिन्न खाद्य पदार्थों, पेय पदार्थों, मसाले इत्यादि में मिलावट की जांच करने के सरल घरेलू तरीके भी बताए जाते हैं। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण आहार प्रदर्शनी लगाई गई। जिसमें घर में उपलब्ध खाद्य पदार्थों चना, मूंगफली, नारियल, बेसन इत्यादि से पौष्टिक व्यंजन बनाने के तरीके बताए गए। खाद्य एवं औषधि प्रशासन भोपाल द्वारा मिलेट्स आधारित फूड्स प्रदर्शनी के माध्यम से जानकारी देकर जागरूक किया गया। इन मेलेट्स प्रोडक्ट्स को विदेशों में भी सप्लाई किया जा रहा है। प्रदर्शनी अवलोकन के दौरान राज्य मंत्री ने कहा कि अन्न के दैनिक जीवन में उपयोग को बढ़ावा देने के लिए इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम बेहद उपयोगी है। कार्यक्रम में वरिष्ठतम शिशु रोग विशेषज्ञ प्रोफेसर डॉ. शीला भम्बल एवं वरिष्ठ न्यूट्रीशनिस्ट डॉ. अमिता सिंह द्वारा एएनसी एवं धात्री महिलाओं को स्तनपान एवं पोषण आहार पर जानकारी दी गई। स्तनपान एवं पोषण आहार के महत्व एवं इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने के लिए स्वास्थ्य विभाग जिला भोपाल द्वारा विश्व स्तनपान सप्ताह के तारतम्य में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस वर्ष ये सप्ताह क्लोजिंग द गैप, ब्रेस्टफीडिंग सपोर्ट फॉर ऑल की थीम पर मनाया जा रहा है।

## बसोर समाज युवक-युवती परिचय सम्मेलन कार्यक्रम के लिए पीसी कनर्जी अध्यक्ष और राम किशन वर्मा महासचिव नियुक्त



**भोपाल।** आगामी दिसम्बर माह में प्रगतिशील श्री कर्मयोगी बसोर समाज विकास संगठन द्वारा बसोर, वंशकार, बरार,समाज के युवक, युवती परिचय सम्मेलन हेतु पी सी कनर्जी जी को आयोजन समिति का अध्यक्ष एवं रामकिशन वर्मा को महासचिव संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शारदा प्रसाद बमहन ने समाज की बैठक मे सर्वसम्मति से नियुक्त किया इस अवसर पर सूरज लाल दोसले,संतोष केमिया,हर प्रसाद कुरे,मनोज वर्मा,राजकुमार बम्मन जीतू मोदिया, राजकुमार बममेरे,राकेश कालू समुद्रे, सुरेंद्र कमिया आदि उपस्थित थे।

# सागर बच्चों की मौत का मामला : कलेक्टर, एसपी और एसडीएम को हटाया, सीएमएचओ निलंबित

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



सागर जिले के शाहपुर में रविवार 4 अगस्त को दर्दनाक हादसा हो गया था। इस मामले में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के ट्वीट के बाद देर रात मध्य प्रदेश सरकार सक्रिय हुई। मुख्यमंत्री ने कलेक्टर दीपक आर्य और पुलिस अधिक्षक अभिषेक तिवारी को बदलने के निर्देश दिए। इनके अलावा सीएमएचओ सहित 3 अधिकारियों को निलंबित किया गया है। वहीं नगर परिषद के प्रभारी सीएमओ और उपयंत्री को भी सस्पेंड किया गया है। इन सभी के आदेश देर रात जारी हो गए। बताया जा रहा है कि इस मामले में अन्य अधिकारी और कर्मचारियों पर कार्रवाई हो सकती है और विभागीय कार्रवाई भी की जाएगी।

4 अगस्त की देर रात मध्य प्रदेश सरकार ने बड़ा एक्शन लेते हुए सागर दीवार हादसे मामले में जिम्मेदारी तय करते हुए कलेक्टर दीपक आर्य का तबादला कर उपसचिव मध्य प्रदेश शासन पदस्थ किया। उनके स्थान पर छतरपुर कलेक्टर संदीप जी. आर. को सागर कलेक्टर बनाया गया है। इधर छिंदवाड़ा ,सीईओ जिला पंचायत पार्थ जैसवाल को छतरपुर कलेक्टर पदस्थ किया है। इसी तरह सागर पुलिस अधिक्षक अभिषेक तिवारी का तबादला कर सहायक पुलिस महानिरीक्षक पीएचक्यू भेजा गया है। रायसेन पुलिस अधिक्षक विकास कुमार सहवाल को रायसेन पुलिस अधिक्षक पदस्थ किया गया है। सहवाल को फिलहाल रायसेन जिले का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है।

### सीएमएचओ सहित तीन अधिकारी निलंबित

दीवार हादसे मामले में सागर सीएमएचओ डॉ. हरिओम बंसल को और नगर परिषद सीएमओ धनंजय गुमास्ता और उपयंत्री वीर विक्रम सिंह को निलंबित कर मुख्यालय अटैच कर दिया गया है।

# अग्रसेन महाराज की पांचवी महाआरती में शामिल हुए समाजजन



भोपाल। अग्रवाल समाज के आराध्य देव एवं अग्रकुल प्रवर्तक भगवान अग्रसेन महाराज और कुलदेवी माँ लक्ष्मी की महाआरती पावन चैत्र नवरात्रि से प्रारंभ की गई थी। जिसमें भोपाल के सभी अग्रवाल बंधु सपरिवार शामिल होकर प्रवर्तक भगवान अग्रसेन महाराज का प्रसाद ग्रहण करते है। इसी क्रम को यथावत रखते हुए आज महाराज अग्रसेन की प्रतिमा के समक्ष आईटीसी पार्क, कमला पार्क, भोपाल में पांचवी महाआरती का आयोजन किया गया। मीडिया प्रभारी नितिन गुप्ता और विनीत अग्रवाल ने बताया की भोपाल में माह के प्रथम रविवार को महाआरती करने का निर्णय लिया गया था। जिसे अग्रवाल समाज द्वारा काफी सराहा एवं प्रसंशा की जा रही है। भोपाल के विभिन्न क्षेत्र में निवासरत अग्रबंधुओं द्वारा बड़-चढ़कर महाआरती (जजमानी) कर भगवान अग्रसेन महाराज का आशीर्वाद एवं प्रसाद वितरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अग्रसेन महाराज की महाआरती में शामिल होकर उनके करूणामयी स्वभाव, युग पुरूष और राम राज्य के समर्थक के सिद्धांतों को अपने और अपने बच्चों के जीवन में उतारने में सहायक सिद्ध हो इसी उद्देश्य से महाआरती का आयोजन किया जा रहा है। इस बार महाआरती की जजमानी डॉक्टर अंकुर अग्रवाल एवं उनके परिवार द्वारा की गई। कार्यक्रम में अंकुर अग्रवाल, अमित अग्रवाल, मुकेश गोयल, अंबरीष अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, रोहित गुप्ता, संजय बंसल (लक्ष्मीपति कॉलेज), सुरेश चंद्र अग्रवाल, अमित मित्तल, धीरज गुप्ता, अनिल गुप्ता, कैलाश अग्रवाल (लालघाटी), आशीष गुप्ता, सचिन अग्रवाल, नमन गुप्ता, मोहित अग्रवाल, अलका अग्रवाल, स्वाति अग्रवाल, गिरीषा अग्रवाल, नैन्सी अग्रवाल, रानी मित्तल, मोनिका गुप्ता, अर्चना गुप्ता, निशा गुप्ता सहित अनेक अग्रबंधु शामिल हुए।

# शाजापुर में कृषि आधारित फूड इंडस्ट्री लगाई जाएगी

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए राज्य सरकार कृत-संकल्पित है। इसी कड़ी में आज शाजापुर में 20 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 100 बिस्तरीय मातृ-शिशु चिकित्सालय का लोकार्पण किया गया है। अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त इस चिकित्सालय में जच्चा और बच्चा को उच्च स्तरीय सेवाएँ मिल सकेंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शाजापुर में मातृ-शिशु चिकित्सालय का लोकार्पण कर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शाजापुर जिले के विकास में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी जायेगी। जिले में नर्मदा जी का जल आ चुका है। अब पार्वती-काली सिंध-चंबल लिंक परियोजना का लाभ भी शाजापुर को मिलेगा। परियोजना से 13 जिले लाभान्वित होंगे। किसानों को 24 घंटे पानी और बिजली की उपलब्धता मिलेगी, जिससे जिले में फसलों की उत्पादकता में वृद्धि होगी। मुख्यमंत्री ने शाजापुर की उप तहसील मक्सी को तहसील बनाने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने चिकित्सालय परिसर में पौधा भी रोपा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों का जीवन बेहतर बनाने के लिए ही सरकार बनी है। किसान अपने पराक्रम से फसलों का उत्पादन करता है। शाजापुर में आलू-प्याज खरीदने के लिए पूरे देश के लोग आते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के गठन के बाद लगातार प्रयास किया है कि प्रदेश में किसानों को लाभ मिले और इस दिशा में किसानों ने अपनी उत्पादकता भी अच्छी बढ़ाई है। सरकार का प्रयास है कि प्रदेश में रोजगार के संसाधन बढ़ाए जायें, इसके लिए औद्योगिक विकास की भी आवश्यकता है। औद्योगिक विकास दर बढ़ाने के लिए उत्पादकता बढ़ाने के प्रयास किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि शाजापुर में कृषि आधारित फूड इंडस्ट्री भी लगाई जायेगी। प्रदेश में कृषि उत्पादकता तो बहुत अच्छी हो गई है, अब प्रदेश में रोजगार स्थापित करने के लिए औद्योगिक उत्पादकता में भी वृद्धि लाना है। विगत दिनों उज्जैन में संपन्न हुई इन्वेस्ट समिट में संभाग के साथ प्रदेश में औद्योगिक विकास पर भी चर्चा हुई। तमिलनाडु के उद्योगपतियों से भी चर्चा हुई है और उनसे प्रदेश में उद्योग लगाने के लिए आग्रह किया गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शाजापुर में कृषि आधारित फूड इंडस्ट्री लगाने की घोषणा की, इससे किसानों को उनकी फसलों का वाजिब दाम मिलेगा और यहां के उत्पाद देश-विदेश में भी जायेंगे, जिससे क्षेत्र में किसानों की उन्नति होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी संस्कृति दुनिया की श्रेष्ठ संस्कृति है। हमारी अच्छाई हम दुनिया में बांटने के लिए निकले हैं।

# करदई की गौशाला में 6 गायों की मौत और बदतर स्थित पर कांग्रेस ने सरकार को घेरा

## संगीता शर्मा बोली, ट्रिपल इंजन सरकार में भूख-प्यास से मर रही गौमाता



भोपाल। राजधानी भोपाल के निपानिया पंचायत की करदई स्थित गौशाला में 6 गायों की एक महीने पहले मौत होने और उनकी लाश सड़ जाने तथा 10 गायों के लापता होने के मामले पर प्रदेश की मोहन सरकार को जमकर आड़े हाथों लिया है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सुश्री संगीता शर्मा ने भाजपा सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए पूछा है कि आखिर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव कर क्या रहे हैं।

सुश्री संगीता शर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश में सत्तारूढ़ स्वघोषित हिंदुओं की ट्रिपल इंजन भाजपा सरकार से गौमाता तक तो सँभाली नहीं जा रही है। जहां देखो वहीं गौमाता भूख-प्यास से तड़प तड़पकर मर रही है और इस अंधी बाहरी सरकार को इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ रहा। इन गौशालाओं के संचालक के खिलाफ कार्रवाई तो दूर सरकार के नुमाइंदे उस जगह जांच पड़ताल के लिए जाना भी पसंद नहीं कर रहे हैं। पूरी भाजपा सरकार मूक पशुओं की वेदना को न सुनने को तैयार है और न समझने को। राजधानी के पास जब गौशालाओं की यह स्थिति है तो दूर दराज में कितनी भयावह स्थिति होगी। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि यह कितनी शर्मनाक बात है कि राजधानी भोपाल से लगे क्षेत्र निपानिया पंचायत की करदई स्थित गौशाला में 6 गायों की मौत लगभग एक महीने पहले हो जाती है, उनकी लाशें तक सड़ चुकी होती हैं। 10 गाय लापता भी है और सरकार के नुमाइंदे तथा जिम्मेदार पशुपालन विभाग के मंत्री और उनके मातहतों को कोई होश ही नहीं है।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सुश्री संगीता शर्मा ने कहा कि इस समय पूरे प्रदेश में अराजकता, भ्रष्टाचार, मनमानी, अपराधिक घटनाओं की बाढ़ सी आ गई है। मुख्यमंत्री डा मोहन यादव के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार इसे रोकने की जगह पूर्ववर्ती शिवराज सरकार की नकल करने तथा ट्रांसफर पोस्टिंग के खेल कर वसूली अभियान में जुटी हुई है। इस सरकार को यह देखने की फुरसत ही नहीं है कि राज्य में क्या हो रहा है। सुश्री शर्मा ने कहा कि राजधानी और आसपास की गौशालाओं में गौमाता की दुर्दशा का हफ्ते भर में यह दूसरा मामला उजागर हुआ है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि खुद को हिंदूवादी का ठेका लेने वाली भाजपा सरकार को हिंदुत्व और गौमाता की कितनी चिंता है।

# प्रदेश के विकास में पटवारियों की भूमिका महत्वपूर्ण : उप मुख्यमंत्री शुक्ल

## पटवारी संघ की प्रांतीय कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में हुए शामिल

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल




उप-मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि प्रदेश के विकास में पटवारियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पटवारियों की जिम्मेदारी है कि राजस्व संबंधित प्रकरणों पर तत्परता पूर्वक कार्यवाही करें, कोई प्रकरण लंबित न रहे इसके लिए प्रयासरत रहें। उन्होंने कहा कि पटवारियों की मांगों को शासन स्तर से पूरा कराने का तत्परता से प्रयास किया जायेगा। उप-मुख्यमंत्री श्री शुक्ल रीवा के कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में मध्यप्रदेश पटवारी संघ की प्रांतीय कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए।

उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि पटवारी अपने हल्के में किसानों के सभी कार्य टीमभावना के साथ अपनी योग्यता एवं कुशलता के साथ समय पर करें। उन्होंने कहा कि जनहित के मामले में सभी को मिल कर कार्य करना चाहिए तभी हम अपने प्रदेश व जिले को ऊंचाईयों तक ले जाने में सक्षम हो पायेंगे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व के मामले में देश में सबसे अच्छा कार्य हमारे प्रदेश में हो रहा है। उन्होंने कार्य करने की संस्कृति को विकसित करते हुए रीवा जिले व प्रदेश को उच्चतम शिखर पर ले जाने का आह्वान किया। उप-मुख्यमंत्री श्री शुक्ल का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। रेडक्रास सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी, पूर्व महापौर श्री राजेन्द्र ताम्रकार सहित बड़ी संख्या में पटवारीगण उपस्थित रहे।




सागर के शाहपुर में हुई बच्चों की मौत के बाद खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत वहां पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी।

## एक पेड़ मां केनाम अभियान में की सहभागिता




भोपाल। भारतीय संस्कृति में एक वृक्ष का महत्व दस पुत्रों के बराबर माना गया है. वनस्पति के साथ-साथ नदी, पहाड़ आदि को जीवंत मानना हमारी संवदेनशील सांस्कृतिक परम्परा का प्रतीक है.इस अभियान का उद्देश्य पौधे लगाने के साथ-साथ लोग पौधों के महत्व को समझ सके ताकि लोग समझ सके की सांसों के लिए पेड़ पौधे कितने जरूरी है आप कोई भी एक पौधा लगाकर आपकी आने वाली पीढियो के लिए सांस लेने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। आज इसी सोच को विस्तृत रूप से आगे बढ़ाते हुए वृहद वृक्षारोपण। एक पेड़ माँ केनाम अभियान , सहभागिता BITOAA के द्वारा किया गया। आज का कार्यक्रम गायत्री परिवार एवं बिटोआ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया जिसमें लगभग 100 पौधों को रोपित किया गया। आज का पौधा रोपण कार्यक्रम कलियासोत के पास स्थित वाल्मी ट्रेनिंग सेंटर कैंपस में रखा गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित बिटोआ के अध्यक्ष ललित जैन, सचिव धीरेन्द्र पटेल,कोषाध्यक्ष बंटी गौर, प्रचार प्रमुख अजय मीणा, वरिष्ठ समाजसेवी महेंद्र चांडक एवं अशोक गौतम, राहुल जैन एवं सैकड़ो की संख्या में बिटोआ सदस्य एवं गायत्री परिवार के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## पर्यावरण, पौध-रोपण एवं जल संचयन पर हुआ बेवीनार

भोपाल। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के निर्देश पर मध्य प्रदेश की बिजली कंपनियों में पौध-रोपण मुहिम के तहत म.प्र.पॉ.ट्रांस.कं. के सभी ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस (टी एल एम), 416 अति उच्च दाब उपकेंद्रों एवं एम पी ट्रांसको के प्रदेश के सभी कार्यालयों में पौधारोपण का कार्य किया जाना है ढ्ढ इसी कार्य को गति देने के लिए मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी में पर्यावरण, वृक्षारोपण, जल संचयन विषय पर कार्यशाला का बेवीनार के माध्यम से आयोजन हुआ ढ्ढ इस कार्यशाला को प्रसिद्ध पर्यावरण विद् डॉ. स्वाति संवत्सर ने संबोधित किया और विभिन्न स्लाइड व उदाहरणों के माध्यम से वृक्षारोपण,पर्यावरण तथा जल संचयन की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए इनके संरक्षण और आवश्यकता पर बल दिया। प्रदेश स्तरीय इस बेवीनार में मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक इंजीनियर सुनील तिवारी, सभी विभाग प्रमुख सहित एम पी ट्रांसको के तकरीबन 370 अभियंताओं ने ऑनलाइन भागीदारी की।

# आदर्श योग आध्यात्मिक केंद्र के योग साधकों नें हरियाली अमावस्या एवं मित्रता दिवस मनाया





भोपाल। आदर्श योग आध्यात्मिक योग केंद्र स्वर्ण जयंती पार्क कोलार रोड़ भोपाल के योग गुरु महेश अग्रवाल कई वर्षो से निःशुल्क योग प्रशिक्षण के द्वारा लोगों को स्वस्थ जीवन जीने की कला सीखा रहें है। वर्तमान में भी प्रत्यक्ष एवं ऑनलाइन माध्यम से यह क्रम अनवरत चल रहा है। योग प्रशिक्षण के दौरान केंद्र पर आने वाले साधकों को परिवार सहित योग अध्यात्म पिकनिक के लिए शहर के करीब हर साल लें जाते है। सुबह से शाम तक सभी सदस्य इस पिकनिक का आंनद लेते है। योग गुरु अग्रवाल ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस एवं हरियाली अमावस्या के अवसर पर योग साधकों नें सीहोर रोड़ स्थित मानसरोवर धाम मंदिर में शिवलिंग निर्माण एवं पूजन भजन ध्यान एवं सभी के स्वास्थ्यमय जीवन के लिए मंगल कामनायें की। योग साधक वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता, संजय गुप्ता, बैजनाथ भगत, सुनीता जोशी, सुदीपता रॉय, आशा गजभिये, लता बंजारी, श्रद्धा गणपते, ज्योति गुप्ता, इन्दु गुप्ता, प्रीती भटनागर, संगीता सदावर्ते, साक्षी, सारंगा नगरारे, परवीन किदवई, नर्मदा चडोकर नें पिकनिक में सुबह 10 बजे सें शाम 5 बजे तक आनंद लिया ।

# मित्रता दिवस पर परिवर्तनकारी कार्यशाला आयुष्मान भव का आयोजन

## आरती सिन्हा ट्रस्ट की आरती सिन्हा और विजार्ड ऑफ साउंड का संयुक्त आयोजन



भोपाल। आरती सिन्हा ट्रस्ट की आरती सिन्हा और विजार्ड ऑफ साउंड की संस्थापक ने भोपाल के भोजपुर क्लब में एक अभूतपूर्व कार्यशाला 卐आयुष्मान भव卐 का आयोजन किया, जिसमें ध्वनि चिकित्सा के माध्यम से आत्म-चिकित्सा पर ध्यान केंद्रित किया गया। यह कार्यक्रम विभिन्न गतिविधियों का मिश्रण था जिसमें खेल, श्वास अभ्यास, तिब्बती हीलिंग बाउल के साथ ध्वनि चिकित्सा शामिल थी। यह स्वास्थ्य और सामुदायिक बंधन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था। आरती सिन्हा ट्रस्ट और विजार्ड ऑफ साउंड द्वारा आयोजित इस कार्यशाला ने समग्र स्वास्थ्य और सामुदायिक बंधन के लिए एक मिसाल कायम की है, जिसमें उपस्थित लोगों को ध्वनि चिकित्सा और समग्र प्रथाओं को अपने दैनिक जीवन में शामिल करने के लिए प्रेरित किया। सुप्रसिद्ध साउंड हीलर आरती सिन्हा ने वादा किया कि इस तरह की कार्यशालाएँ भविष्य में एक नियमित विशेषता बन जाएँगी, क्योंकि आरती सिन्हा ट्रस्ट का लक्ष्य समाज के सभी वर्गों तक पहुँचना और उन्हें स्वस्थ बनाना है। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भोपाल की महापौर श्रीमती मालती राय ने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण के इस महान उद्देश्य को अपना समर्थन दिया । श्रीमाती राय ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे भोपाल नगर निगम समग्र स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है ।कार्यशाला में कई विषयों पर चर्चा की गई जो समग्र, स्वस्थ और संतुलित जीवन शैली को बढ़ावा देते हैं और इस प्रकार, ध्वनि चिकित्सा का उपयोग करके आत्म-चिकित्सा करते हैं। देश की सुप्रसिद्ध साउंड हीलर आरती सिन्हा ने सत्र में भाग लेने वाले सभी लोगों को चक्र संतुलन से परिचित कराया। चक्र संतुलन और चक्र उपचार शरीर के सभी ऊर्जा केंद्रों का संतुलन सुनिश्चित करने का एक प्राचीन विज्ञान है और इसकी उत्पत्ति वेदों में पाई जा सकती है। बाद में दिन में सभी प्रतिभागियों और मेहमानों को मिट्टी के बर्तन बनाने का मौका मिला। इस दौरान सुप्रसिद्ध साउंड हीलर आरती सिन्हा ने स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से मिट्टी के बर्तन बनाने के महत्व को समझाते हुए बताया कि मिट्टी के बर्तन बनाना हमें धरती माता से जोड़ता है। उन्होंने कहा कि यह हमें जमीन से जोड़े रखता है और हमें मजबूत बनाता है ।इसके अलावा यह भावनात्मक और शारीरिक दोनों स्तरों पर दिन-प्रतिदिन की चुनौतियों से उबरने में हमारी मदद करता है। सुप्रसिद्ध साउंड हीलर आरती सिन्हा ने कार्यशाला में यह बताया कि हम सभी जीवनशैली और दृष्टिकोण में छोटे-छोटे बदलाव कर होने वाली बीमारियों के जोखिम को काफी हद तक कम कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि बीमारियाँ कुछ और नहीं बल्कि हमारे द्वारा दैनिक आधार पर सामना की जाने वाली चुनौतियों से उत्पन्न असंतुलन के कारण सिस्टम के भीतर पैदा होती हैं। श्रीमती सिन्हा ने लोगों को योग, प्राणायाम और सरल श्वास अभ्यासों के बारे में जागरूक किया जो ऐसी बीमारियों के शारीरिक और मानसिक प्रभावों को कम कर सकते हैं और मधुमेह, कैंसर, थायरॉयड समस्याओं और गठिया जैसी ऑटोइम्यून बीमारियों को कम करने और उलटने में महत्वपूर्ण रूप से मदद कर सकते हैं।

सम्पादकीय

# एक सार्थक रियलिटी शो !

सामान्य तौर पर रियलिटी शो में परिणामों को लेकर स्वीकार्यता कम ही होती रही है। और उसकी आलोचनाएं भी होती रही हैं। परंतु सोनी टीवी पर चल रहे रियलिटी शो सुपर स्टार सिंगर ने शायद इसमें नया अध्याय जोड़ा है। इस शो की खास बात यह रही कि एक साथ पौन दर्जन बच्चों को फायनल तक पहुंचाया गया और इनमें से कोई बच्चा ऐसा नहीं था, जो इस काबिल नहीं हो। सबसे आश्चर्यजनक रहा सात साल का अविर्भव, जिसने यहां आकर थोड़ी बहुत हिंदी सीखी, लेकिन गाने में कहीं भी उच्चारण से लेकर भावों की अभिव्यक्ति तक में उसने करोड़ों लोगों का दिल जीत लिया।

कल रात जब केरल के अविर्भव एस और झारखंड के अथर्व बख्शी को सुपरस्टार सिंगर 3 का विजेता घोषित किया गया, तो शायद ही कोई ऐसा होगा, जो इससे असहमत दिखा हो। अथर्व बख्शी ने शुरुआती दौर से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर दिया था। जिस तरह अथर्व के कैप्टन पवनदीप ने जब इंडियन आइडल जीता था, तो शुरुआती दौर से ही सबके चहेते




बन गए थे, वही हाल यहां अथर्व का रहा।

एक और खास बात इस शो की यह रही पहली बार इस रियलिटी शो के दो विनर निकले। ट्रॉफी के अलावा, यंग चैंपियंस को 10-10 लाख रुपये से सम्मानित किया गया। ऑडिशन से ही, हजारीबाग के 12 वर्षीय अथर्व बक्शी ने अपनी परफॉर्मेंस से सभी को चौंकाया था। बता दें कि सुपर जज नेहा कक्कड़ ने उनकी तुलना अरिजीत सिंह से की थी और महान संगीतकार लक्ष्मीकांत उनकी गायकी से प्रभावित हुए थे। एक एपिसोड के दौरान, विद्या बालन ने अथर्व को प्लेबैक का मौका देने के लिए अपने पति सिद्धार्थ रॉय कपूर को भी बुलाया था।

हालांकि, अथर्व के लिए सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि कैसे उनके पिता, जो कभी नहीं चाहते थे कि वह संगीत में आगे बढ़े, अब उनके ट्रॉफी उठाने पर गर्व से भर गए हैं।

दूसरी ओर, कोच्चि के 7 साल के यंग चैंप अविर्भव एस ने उदित नारायण और गीता कपूर जैसे मेहमानों को अपने गाने से चौंका दिया। उन्होंने शुरू से ही हर किसी का दिल जीता है। चाहे ओ साथी रे हो, या और इस दिल में क्या रखा है, या फिर ब्रेदलेस गाना, जरा से बच्चे ने सबका मन मोह लिया। उसके गाने में एक अजीब सा आकर्षण लगता रहा।

सुपरस्टार सिंगर 3 जीतने पर, अथर्व बक्शी ने एक बयान में कहा, यह एक सपने के सच होने जैसा लगता है। मैं अपने परिवार को उनके अटूट समर्थन और प्यार के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं अपने गुरु पवनदीप भैया का भी आभारी हूं जिन्होंने मुझ पर विश्वास किया और हर गुजरते दिन के साथ एक बेहतर कलाकार बनने के लिए मेरा मार्गदर्शन किया।

अविर्भव एस ने कहा, मुझे अभी भी विश्वास नहीं हो रहा है कि मैं जीत गया हूं। मैं नेहा कक्कड़ मैम, अरुणिता दी और उन सभी को धन्यवाद कहना चाहता हूं जिन्होंने मेरा समर्थन किया। मैं कड़ी मेहनत करते रहने और आप सभी को गौरवान्वित करने का वादा करता हूं। मुझे बड़े होकर अरिजीत सिंह जैसा बनना है। नेहा कक्कड़ शो की सुपर जज थीं, अरुणिता कांजीलाल, पवनदीप राजन, मोहम्मद दानिश, सयाली कांबले और सलमान अली ने इन बच्चों के लिए सलाहकार के रूप में काम किया।

और इस शो की सबसे खास बात यह रही कि शुरुआती दौर से ही न तो कैप्टन्स में और न ही बच्चों में, प्रतिस्पर्धा की भावना कहीं नहीं दिखाई दी। एकजुटता के साथ ही एक-दूसरे से जिस तरह से ये बच्चे जुड़े रहे, वो आज के माहौल में एक बड़ी मिसाल कही जा सकती है। अंतिम एपीसोड में अविर्भव की पार्टनर रही जरा सी बिटिया पीहू ने तो सबको रुला ही दिया। दोनों बच्चों में केवल गाने के दौरान ही गजब बांडिंग नहीं दिखती थी, वास्तव में उनके बीच एक अटूट रिश्ता सा बन गया था। उसने रोते हुए जिस तरह अपनी भावनाओं को व्यक्त किया, वह वास्तविकता थी। वह नासमझ उम्र का लगाव था, जो साथ रहकर हो जाता है।

कुल मिलाकर शायद यह पहला शो हो सकता है, जिसने शुरू से ही बांधे रखा। नये आयाम स्थापित किए और परिणाम भी वही आए, जिनकी लोगों ने उम्मीद की थी। और एक संदेश दिया, मिलजुलकर रहने का। एक-दूसरे को सपोर्ट करते हुए अपनी प्रतिभा उभारने का। और क्या चाहिए। इस तरह के शो यदि हों, तो उन्हें बढ़ावा मिलना चाहिए। प्रतिभा उभारने के ऐसे मंच हमें विश्व स्तर के बच्चों की नई पीढ़ी दे सकते हैं।

# सत्ता के गलियारे से: संघं शरणम गच्छामि

**रवि अवस्थी**

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ दशहरा बाद नया साल शताब्दी वर्ष के रूप में मनाने की तैयारी में है। संघ व बीजेपी का रिश्ता चोली-दामन सा रहा है। लगातार एक दशक केंद्र की सत्ता में रहते एक दौर ऐसा भी आया जब बीजेपी को लगने लगा कि उसे संघ की जरूरत नहीं,लेकिन हाल के लोकसभा चुनाव के नतीजों ने उसकी गलत फहमी दूर कर दी।नतीजों पर रार हुई तो संघ भी भगवान को आईना दिखाने से नहीं चूका।

इसके बाद से केंद्र ही नहीं राज्यों की इकाईयां भी संघ शरणम गच्छामि की भूमिका में आ गई हैं। आएं भी क्यों न बीजेपी को इस मुकाम तक पहुंचाने में संघ की ही भूमिका सबसे बड़ी रही है। ऐसे में आगे सुशासन व संगठन के कामकाजों में संघ की रीति-नीति की छाया दिखे तो आश्चर्य नहीं।

**यहां भी हाथ खाली**

बीजेपी ने पहले विभिन्न राज्यों के प्रभारियों की सूची जारी की फिर राज्यपालों की,लेकिन दोनों ही सूची में मप्र,कहीं नजर नहीं आया। राष्ट्रीय संगठन की ही बात करें तो कार्यकारिणी सदस्यों के तौर पर भले ही मप्र के नेताओं की भरमार हो लेकिन राष्ट्रीय पदाधिकारियों में दो नाम छोड़ कर तीसरे को जगह नहीं।यह दो नाम भी जातिगत समीकरण के लिहाज से जगह पा सके।

मप्र को बीजेपी का ओरिजन स्टेट व यहां की इकाई को आदर्श माना जाता है। विधानसभा हो या लोकसभा चुनाव,बीते एक-डेढ़ दशक में मप्र भाजपा ने पार्टी की मनचाही मुराद पूरी की। बावजूद इसके, हृदय प्रदेश के नेताओं की ऐसी उपेक्षा वाकई हैरान करने वाली है।

**सतर्कता में ही समझदारी**

सतर्कता वह भी अतिरिक्त तौर पर बरती जाए तो संभावित दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। मप्र की डॉ.मोहन यादव सरकार ने गुजरते सप्ताह में इसी से जुड़े दो अहम फैसले लिए। पहला, दिल्ली में हुए कोचिंग हादसे के बाद मप्र में तलघरों में चलते संस्थानों की जांच। दूसरा, उज्जैन के एक आश्रम की करतूत सामने आने पर प्रदेशभर के छात्रावासों, आश्रमों की जांच के लिए वरिष्ठ अधिकारियों की 11 सदस्यीय टीम का गठन।

सभी अधिकारी दो माह में कम से कम तीन दिन इन संस्थानों का औचक निरीक्षण कर संबंधित महकमों के एसीएस को अपनी रिपोर्ट देंगे। उम्मीद की जानी चाहिए कि त्योहारी सीजन में मिलावटखोरों की भी नकेल कसी जाएगी और जारी अभियान की निरंतरता बनी रहेगी।

**पंचायत मंत्री के रुख से हड़कंप**

मप्र के पंचायत, ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल की सख्त मिजाज वाली कार्यशैली ने उनसे से जुड़े विभागों के अफसरों के कान खड़े कर दिए हैं। पंचायत के बाद पटेल ने हाल ही में राज्य बीमा निगम के अफसरों को फटकार लगाई। पटेल ने दो टूक लहजे में कहा-मुझे ज्ञान देने की कोशिश मत करो,मैं केंद्र में रहा हूं। अगली बार आओ तो तैयारी के साथ। अगली बैठक श्रम विभाग की समीक्षा को लेकर है। बताया जाता है कि इसकी तैयारी को लेकर विभागीय अफसरों के हाथ-पैर फूले हुए हैं।



**मामला जिलों का**

दलबदल की सियासत में अब अपने क्षेत्र को जिला बनवाने की शर्त भी अहम हिस्सा बन गई है। नया मामला छिंदवाड़ा जिले की जुन्नारदेव विधानसभा का है। यहां से कांग्रेस के सुनील उईके विधायक हैं। जुन्नारदेव को जिला बनाने की प्रक्रिया शुरू होती देख, परासिया के कांग्रेस विधायक सोहन वाल्मीक भी सीएम से मिले। बीना विधायक निर्मला सप्रे पहले ही अपनी जिले वाली शर्त पूरी न होने से विधायकी छोड़ने को राजी नहीं। यह अलग बात है कि विधानसभा सचिवालय ने उन्हें नोटिस थमा उनकी मुश्किलें बढ़ा दी है।

बहरहाल, प्रस्तावित नागदा व चौचाड़ा को शामिल किया जाए तो जुन्नारदेव 58 वां जिला बनने की तैयारी में है। इसी तरह,नए जिले बनते रहे तो अगले विधानसभा चुनाव तक यह आंकड़ा कहीं सौ की गिनती न पार कर जाए!

**उप चुनाव को लेकर रस्साकसी**

रिक्त हुई विजयपुर व बुदनी विधानसभा सीटों को लेकर चुनाव आयोग ने भले ही कोई कार्यक्रम घोषित नहीं किया,लेकिन राज्य के दोनों ही प्रमुख दल बीजेपी,कांग्रेस ने अपनी गोटियां बैठाना शुरू कर दिया है। बुदनी को लेकर पूरी तरह आश्वस्त बीजेपी ने विजयपुर में विकास की गंगा बहाना शुरू कर दिया है।

वहीं कांग्रेस दोनों की सीटों के लिए तय प्रभारियों का मन अब तक नहीं टटोल पाई। पहले बुदनी के लिए उसने पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह व साथ में इछावर के पूर्व विधायक शैलेंद्र पटेल को जिम्मा सौंपा। जयवर्धन ने रुचि नहीं दिखाई तो अब उन्हें विजयपुर का प्रभारी बनाया गया। अपनी कोठी की नपाई मामले में राहत पा चुके डॉ गोविंद सिंह तो यहा जयवर्धन के साथ रहेंगे ही।

**चर्चा में रहने की कवायद**

बात-बे-बात चर्चा में बने रहना कोई,कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह से सीखे।लोकसभा चुनाव नतीजों के बाद पार्टी प्रदेश इकाई के दिग्गज जहां चुप्पी साधे हुए हैं। वहीं दिग्विजय कभी आरएसएस की तारीफ को लेकर तो कभी विरोध को लेकर चर्चा में हैं। कांग्रेस सांसद ने हाल ही में राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को पत्र सौंपकर संघ की तारीफ में कहे गए शब्द वापस लेने और इस मामले में विस्तार से अपनी बात रखने की मांग रखी है। जबकि इससे पहले वह संघ की कार्यशैली की तारीफ कर पार्टी कार्यकर्ताओं को नसीहत दे चुके हैं।

संसद सत्र शुरू होने से पहले उन्होंने राजगढ़ लोकसभा चुनाव नतीजे को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की तो नर्सिंग घोटाले मामले में कार्यकर्ताओं संग सड़क पर भी उतरे।

**दुविधा में सियासतदार**

एससी-एसटी के आरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट का नया फैसला स्वाभाविक तौर पर समाज व राजनीति की दशा और दिशा बदलने वाला है। कोटे में कोटा लागू हुआ तो इन वर्गों की सियासत करने वालों के दिन लदना तय है। दुविधा बढ़ी है। किसकी पैरवी करें,किसकी नहीं। गौंड की पैरवी की तो भील नाराज और भीलों के पक्ष में खड़े हुए तो भिलाला व कौल नाराज। हर बात में सियासत करने वाले राजनीतिज्ञ इस गजब फैसले पर चुप्पी साधे फिलहाल, तेल और इसकी धार देखने का काम कर रहे हैं।

**फिर मुझसे बुरा कोई नहीं होगा**

लांजी से बीजेपी विधायक राजकुमार कर्राहे और पूर्व मंत्री अंचल सोनकर ने प्रशासन व पुलिस को अपने-अपने अंदाज में सुधरने की समझाइश दी। कर्राहे झोला छाप डॉक्टर्स के खिलाफ छापामार कार्यवाही से नाराज हैं। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी दी कि कार्यवाही नहीं रुकी तो फिर उनसे बुरा कोई नहीं होगा। अब, यह कोई कहने की बात है।

वहीं सोनकर अपने क्षेत्र की थाना पुलिस से नाराज हैं। उन्होंने इलाके के सीएसपी को कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि वे थाना नहीं सुधार पाए तो फिर यह काम उन्हें करना पड़ेगा। बतौर जनप्रतिनिधि दोनों से ऐसी अपेक्षा तो नहीं की जा सकती, लेकिन व्यवस्था का कड़वा सच भी कई बार जनप्रतिनिधियों को आईना दिखाने के लिए मजबूर कर देता है।

**वन बल प्रमुख की पीड़ा**

वह दौर नहीं रहा, जब अफसर अपने मातहतों को डांटने-फटकारने के साथ उन्हें संरक्षित भी करते थे। अब ऐसे उदाहरण विरले ही मिलते हैं। मप्र के वन बल प्रमुख असीम श्रीवास्तव ने हाल ही में इसी कार्यशैली का परिचय दिया। उन्होंने वन सचिव को पत्र लिखकर चंबल अभ्यारण्य के मैदानी कर्मचारियों पर दर्ज एकतरफा आपराधिक प्रकरण का विरोध किया।

पीसीसीएफ ने पुलिस की कार्यशैली को वन कर्मियों का मनोबल तोड़ने वाला बताया। अब बारी विभाग के नए मंत्री रामनिवास रावत की है। जो कभी दस्यु उन्मूलन को लेकर अपने तीखे तेवरों के लिए पहचाने जाते थे।

**हर्ष दीक्षित का दिल्ली कनेक्शन**

वर्ष 2013 बैच के आईएएस अधिकारी व राजगढ़ कलेक्टर हर्ष दीक्षित 5साल के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा के निज सचिव बनाए गए। केंद्र से देर शाम आदेश जारी होते ही 24घंटे में दीक्षित का रिलीविंग आदेश भी जारी हो गया। यह सबकुछ इतने ताबड़तोड़ व अप्रत्याशित तरीके से हुआ कि राज्य मंत्रालय के जिम्मेदार भी हैरत में पड़ गए। दीक्षित के दिल्ली कनेक्शन की टोह लेने का जतन भी हुआ। बताया जाता है कि हर्ष की प्रतिनियुक्ति में मप्र कैडर के ही एक वरिष्ठ अधिकारी की अहम भूमिका है।जिनका नाम मप्र के भावी सीएस के तौर पर चर्चा में रहा है।

**टी.इलैया राजा रुके**

हर्ष दीक्षित के साथ ही साल 2009 बैच के आईएएस टी.इलैया राजा का नाम भी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति में जाने को लेकर चर्चा में रहा। बताया गया कि वह केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह के निज सचिव बनाए जा रहे हैं।सूत्रों की मानें तो तैयारी पूरी थी,लेकिन मामला डीओपीटी में ही अटक गया।

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के कार्यकाल में टी.इलैया राजा भिंड, रीवा,जबलपुर व इंदौर के कलेक्टर रहे। जनहितैषी कार्यों ने उन्हें इन जिलों में लोकप्रिय भी बनाया। वर्तमान में राज्य पर्यटन निगम के एमडी व तमिलनाडू मूल के राजा ने हाल ही कोयम्बटूर में आयोजित इंडस्ट्रियल कांफ्रेंस में सीएम डॉ यादव के दुभाषिया की भूमिका भी अदा की थी। वह मल्टी टैलेंटेड हैं।माना जा रहा है कि देर-सबेर उन्हें भी प्रतिनियुक्ति पर बुलाया जा सकता है।

**सहकारिता तक पहुंची नर्सिंग की आंच**

मंत्रालय स्तर पर दस आला अफसरों की नई पदस्थापना व 4 को दिए गए अतिरिक्त प्रभार में सरकार ने एक साथ कई संकेत दिए।नए सीएस का रास्ता तो साफ हुआ ही, ग्रामीण विकास में पीएस दीपाली रस्तोगी की पदस्थापना कर एक म्यान में दो तलवार वाले हालात बना दिए। इस विभाग में एसीएस मलय श्रीवास्तव हैं।

इधर, सहकारिता का अतिरिक्त प्रभार वन विभाग के प्रमुख सचिव अशोक वर्णवाल को सौंपा गया है। वर्णवाल कुछ दिन पहले ही पूर्व वन मंत्री नागर सिंह चौहान के आदेश को पलटकर चर्चा में रहे। नर्सिंग मामले ने हेल्थ ही नहीं, सहकारिता पर भी असर डाला।

**मनमानी का मजबूत इलाज**

नर्मदापुरम् में राजस्व से जुड़े एक मामले में मातहतों ने जिला कलेक्टर सोनिया मीणा की भी किरकिरी करवा दी। साल 2013 बैच की आईएएस सोनिया यूं तो ब्रिलियंट अफसर हैं, लेकिन इसी मामले में सीधे न्यायाधीश को पत्र लिखना उन्हें ही नहीं मातहतो को भारी पड़ गया। न्यायाधीश ने न केवल जिला कलेक्टर के खिलाफ कार्रवाई का आदेश जारी कर 30 अगस्त तक कोर्ट को सूचित करने का आदेश सुनाया, बल्कि उनके मातहत अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह व तहसीलदार राकेश खजूरिया के भी मजिस्ट्रियल पॉवर छीनते हुए, इनकी नए सिरे से ट्रेनिंग करने व जब तक काबिल न हों जाएं, अधिकार नहीं दिए जाने के आदेश दिए।

**मैदानी अफसरों के लिए सबक**

न्यायालय का यह आदेश उन मैदानी अफसरों के लिए सबक हैं जो खुद को भगवान समझने की गलतफहमी पाल लेते हैं। कुमार व खजूरिया ने भी कोर्ट के आदेश के इतर जमीन का नामांतरण करने की बजाए मनमाने तरीके से इसका बंटवारा कर डाला। कलेक्टर भी इसी मामले में कोर्ट से हाजिरी माफी चाहती थीं। यूपीएससी परीक्षा में 36वीं रैंक हासिल करने वाली व केरल कैडर में सीएस स्तर के सेवानिवृत अधिकारी की बिटिया सोनिया का बतौर कलेक्टर, यह दूसरा जिला है।

# जातिगत राजनीतिक लड़ाई से सत्ता के सिंहासन का सपना

**आलोक मेहता**

राहुल गाँधी ने कई वर्षों तक विचार के बाद कांग्रेस पार्टी में प्रवेश किया और पहले दुविधा और फिर बड़े आग्रह के बाद पार्टी के शीर्ष पद स्वीकार किए। पार्टी की एक बड़ी चुनावी पराजय के बाद पद से इस्तीफ़ा दिया। 2024 के लोक सभा चुनाव में विपक्ष के एक गठबंधन के साथ मिली थोड़ी सफलता से उनका आत्म विश्वास बढ़ता दिखाई दे रहा है, लेकिन गठबंधन की मज़बूरी या अन्य साथियों के फॉर्मूलों से आकर्षित होकर क्या कांग्रेस पार्टी की सदस्यता की शर्तों और परम्पराओं को भूलने या बदलने की कोशिश कर रहे हैं। एक पुराने कांग्रेसी नेता ने अनौपचारिक बातचीत में आशंका व्यक्त की कि ' गांधी परिवार के सदस्य होने के कारण संभव है, उन्हें सदस्यता फॉर्म पढ़ने की जरुरत महसूस नहीं होगी, कंपनी के सीईओ की तरह सहयोगी द्वारा लाए गए फॉर्म पर दस्तखत कर दिए हों। वैसे भी वे कांग्रेस पार्टी को नए ढंग से चलाने की कोशिश कर रहे हैं। 'अन्यथा कांग्रेस पार्टी की सदस्यता लेने के लिए शपथ पत्र की पहली दो पंक्तियों में ही लिखा गया है कि

मैं घोषणा करता/करती हूं कि- मेरी आयु 18 साल या उससे अधिक है. मैं प्रमाणित खादी पहनने का आदी हूं. मैं अपने को मादक पेयों और नशीले पदार्थों से दूर रखता हूं. मैं न तो सामाजिक भेदभाव करता हूं और न किसी भी रूप में इसे अमल में लाता हूं और इसे मिटाने के लिए काम करने का वचन देता हूं। मैं धर्म और जाति के भेदभाव रहित एक सूत्र में बंधे समाज में विश्वास रखता हूं।

जाति और धर्म पर भेदभाव न करने के संकल्प वाला व्यक्ति ' जातिगत गणना 'और जातियों के आधार पर शिक्षा और नौकरियों में आरक्षण के विस्तार के लिए हर मोर्चे पर लड़ने और सत्ता में आते ही अपना यह वायदा पूरा करने की घोषणाएं कैसे कर सकता है? राहुल गाँधी ने नए वित्तीय वर्ष के बजट का विरोध करते हुए अपने भाषण में भी जातिगत जनगणना के अभियान की बात पर सर्वाधिक जोर दिया। तब वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बहस के उत्तर के दौरान नेहरु से लेकर राजीव गांधी तक आरक्षण के विस्तार के विरोध वाले विचारों और परम्परा की ओर ध्यान दिलाया। इसी क्रम में उन्होंने राजीव गाँधी द्वारा मार्च 1985 में मुझे दिए गए इंटरव्यू को भी उद्धृत कर दिया। इस इंटरव्यू का हेडिंग और एक पंक्ति मीडिया में सुर्खियां बनकर चर्चा का विषय बन गई। देश के पमुख हिंदी दैनिक नव भारत टाइम्स में 3 मार्च 1985 को प्रकाशित इस इंटरव्यू का शीर्षक है आरक्षण के नाम पर बुद्धुओं को बढ़ावा नहीं - राजीव गाँधी। इस हंगामे में मीडिया के



पत्रकारों के अलावा कई अन्य लोगों ने भी मुझसे इस इंटरव्यू में राजीव द्वारा कई गई बातें जानने की कोशिश की। यों किसी लाइब्रेरी में पुराना अख़बार मिल सकता है अथवा मेरी पुस्तक ' नामी चेहरों से यादगार मुलाकातें ' में भी उनके दो इंटरव्यू, इंदिराजी, नरसिंहा राव, अटलबिहारी वाजपेयी सहित कई हस्तियों के इंटरव्यू उपलब्ध है। फिर हाल इस समय राजीव गांधी के साथ हुई लम्बी बातचीत के कुछ अंशों का उल्लेख कर रहा हूँ। मेरे सवालों के उत्तर में रजीव्र गाँधी ने कहा था- मैं यह मानता हूँ कि आरक्षण की पूरी नीति पर विचार होना चाहिए। पैतीस बरस पहले सामाजिक समस्या के समाधान के लिए यह व्यवस्था की गई थी। लेकिन पिछले वर्षों के दौरान उसका राजनीतिकरण कर दिया गया। लोग अल्पकालीन राजनीतिक उद्देश्यों के लिए इसका उपयोग कर रहे हैं। पिछले वर्षों में हमारा समाज बहुत बदल गया है। 1950 में समाज का जो ढांचा था, स्थिति अब वैसी नहीं है। उसमें काफी बदलाव आया है। तरक्की हुई है। इसलिए समय आ गया है कि इस नीति और सुविधाओं पर पुन: विचार करना है। हमें वास्तविक दबे पिछड़े लोगों के के लिए कुछ आरक्षण की व्यवस्था रखनी होगी, लेकिन यदि इसका विस्तार किया गया तो अति सामान्य बुद्धू लोगों को बढ़ा रहे होंगे और इससे पूरे देश को नुकसान होगा।

इस बात के चालीस साल हो गए। राहुल गांधी या कोई अन्य व्यक्ति यह कह सकता है कि इन चार दशकों में शिक्षा या समाज की स्थितियों में कोई प्रगति नहीं हुई है? राहुल गांधी के रूप में संसद में फिर देशव्यापी जाति जनगणना की जोरदार वकालत की। बीजेपी के सांसद अनुराग ठाकुर ने जव्वाब में किसी का नाम नहीं लिया लेकिन कह दिया कि ' जाति जनगणना की वकालत वे लोग कर रहे हैं जिनकी अपनी जाति का पता नहीं है। हालांकि, ठाकुर के बयान का एक हिस्सा संसदीय कार्यवाही से हटा दिया गया था। इसके बाद प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे ट्वीट किया। बाद में, एक अन्य बीजेपी नेता संने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में गांधी के संसदीय में दिए गए भाषण पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि 'राहुल को खुद से और अपने साथी उत्साही लोगों से यह महत्वपूर्ण सवाल पूछने की जरूरत है- इसका (जातिगत जनगणना का) अंतिम लक्ष्य क्या है? क्या इसका उद्देश्य जाति-आधारित आरक्षण को और बढ़ाना है? कई राज्य पहले ही इंदिरा साहनी के फैसले में निर्धारित 49त्न सीमा का उल्लंघन कर चुके हैं या उल्लंघन करने के करीब हैं। आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए 10त्न कोटा के लिए न्यायिक मंजूरी, जो कि पहली मोदी सरकार के अंतिम दिनों में कानून बनाया गया था, वैसे भी मौजूदा संभावित कोटा सीमा को 59प्रतिशत तक बढ़ा देता है। जबकि तमिलनाडु में यह सीमा वैसे भी 69प्रतिशत है। तो, क्या जाति जनगणना के बाद इसे 75 प्रतिशत तक ले जाने का इरादा है? या इससे भी ज्यादा, क्योंकि उच्च जातियां आबादी के 20प्रतिशत से अधिक नहीं हैं?

साथ ही, क्या 49 प्रतिशत की सीमा के काम करने के तरीके के बारे में किसी भी तरह की स्टडी के बिना आरक्षण नीति को आगे बढ़ाना और विस्तारित करना समझदारी है? इस बात के सबूत हैं कि अनुसूचित जातियों और अन्य पिछड़ी जातियों के बीच क्रीमी लेयर को आरक्षण से अनुपातहीन रूप से लाभ मिला है। इसका मतलब है कि असली चुनौती पहले से ही पात्र लोगों के बीच कोटा को फिर से बांटना है। यदि सात दशक के कोटा-मोचन ने जाति की अक्षमताओं को दूर करने में पर्याप्त रूप से मदद नहीं की है, तो कोटा को 10-15त्न और बढ़ाने से क्या मदद मिलेगी? '

सवाल यह भी है कि क्या इसका उद्देश्य आरक्षण व्यवस्था को निजी क्षेत्र तक भी बढ़ाने का है? इससे योग्यता आधारित भर्तियों के लिए जगह और भी सीमित हो जाएगी। पिछले दिनों राहुल गाँधी की कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने तो केवल प्रादेशिक लोगों को ही नौकरियों में प्राथमिकता देने का फैसला कर लिया था। वह तो भरी विरोध के कारण स्थगित हो गया है। तो क्या अब राहुल की कांग्रेस जाति , क्षेत्र , धर्म के आधार पर आरक्षण देकर देश को अराजकता की तरफ ले जाना चाहती है । कर्नाटक में सिद्धारमैया की ही सरकार ने पिछले कार्यकाल में जाति सर्वेक्षण कराया था, लिंगायत और वोक्कालिगा वोट खोने के डर से इसे आगे बढ़ाने में हिचकिचा रही है। हालांकि आरक्षण की लड़ाई अंततः अदालतों में जीती या हारी जाएगी। सुप्रीम कोर्ट के इस सप्ताह के निर्णय में अभी की आरक्षण व्यवस्था में ही उप जातियों को जोड़ने आदि का अधिकार राज्य सरकारों को देने की बात कही है , लेकिन इसमें क्रीमी लेयर यानी एक पीढ़ी के लाभ मिलने के बाद उसी परिवार के अगली पीढ़ी के व्यक्ति को आरक्षण का लाभ नहीं देने का ऐतिहासिक निर्णय भी दे दिया है।

जहां केंद्र सरकार ने ये साफ कर दिया है कि अगली जनगणना में अनुसूचित जाति और जनजाति के अलावा बाकी जातियों की गिनती नहीं होगी और न ही पिछली सामाजिक आर्थिक और जाति जनगणना (एसईसीसी-2011) के आंकड़े जारी किए जाएंगे. वहीं, राहुल गांधी ने ये कह दिया है कि जाति जनगणना कराई जाए। एसईसीसी-2011 के जाति संबंधी आंकड़े जारी किए जाएं और आरक्षण पर लगी 50 प्रतिशत की सीमा हटाकर आबादी के अनुपात में वर्गों को आरक्षण दिया जाए।

देश आजाद होने के बाद 1951 में जनगणना का समय आया तो जवाहरलाल नेहरू की सरकार ने एससी और एसटी के अलावा, बाकी जातियों के आंकड़े न जुटाने का फैसला किया था। ये नीति 1980 तक लगभग बिना विवाद चलती रही। 1980 में बीपी मंडल ने दूसरे पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट राष्ट्रपति को सौंपी। उन्होंने जनगणना में जाति के आंकड़े जुटाने की सिफारिश की। वी पी सिंह सरकार ने 1990 में इस रिपोर्ट का वह अंश लागू हुआ, जिससे केंद्र सरकार की नौकरियों में ओबीसी आरक्षण यानी पिछड़ी जातियों के लिए 27 प्रतिशत के आरक्षण का प्रावधान कर दिया। अगली जनगणना की तैयारियों के क्रम में फिर एचडी देवगौड़ा की सरकार ने 1996 में फैसला किया कि अगली यानी 2001 की जनगणना में जाति के आंकड़े जुटाए जाएंगे, लेकिन 2001 से पहले ही केंद्र में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार बन चुकी थी और उस सरकार ने देवगौड़ा सरकार के फैसले को बदल दिया 72011 की जनगणना से पहले लोकसभा में 2010 में जाति जनगणना पर व्यापक बहस हुई थी, जिसमें कांग्रेस और बीजेपी समेत सभी दलों के बीच आम सहमति भी बन गई थी। लेकिन राहुल कांग्रेस की मनमोहन सिंह की सरकार ने आखिर ये फैसला लिया कि 2011 की दस वर्षीय जनगणना में जाति को शामिल नहीं किया जाएगा। इस तरह जाति जनगणना कांग्रेस सरकार ही रोकती रही।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

## हरियाली अमावस्या पर पंचतत्व ने पौधे रोपकर मनाया अपना स्थापना दिवस



**गंजबासौदा।** पंचतत्व संरक्षण समिति प्रतिवर्ष हरियाली अमावस्या के दिन पौधारोपण कर अपना स्थापना दिवस मनाती है. विगत दो दशक से भी अधिक समय से समिति पर्यावरण संरक्षण एवं संबर्द्धन हेतु जनजागरण करती आ रही है. इस वर्ष समिति ने नगर में पाँच अलग-अलग स्थानों पर पौधारोपण किया.बरसते पानी में भी पौधारोपण हुआ . प्रातः साढ़े 11 बजे नई कृषि उपज मंडी के सामने शिवशंकर वेयरहाउस प्रांगण में कार्यक्रम का आरम्भ पृथ्वीपूजन , वृक्षपूजन एवं दीप प्रज्वलन कार्यक्रम के सम्माननीय अतिथियों एसडीएम विजय राय, ,सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव ,जनपद प्रतिनिधि देवेंद्र रघुवंशी (दिप्पू) मुन्नालाल जी शास्त्री बरिष्ठ पत्रकार गोविंद नायक ,बरिष्ठ पत्रकार यशपाल यादव ,महेन्दसिंह ठाकुर एवं पंचतत्व के अध्यक्ष सुरेंद्रसिंह दांगी द्धवारा किया गया.

इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष सुरेंद्रसिंह दांगी ने पंचतत्व के स्थापना दिवस की भूमिका प्रस्तुत की .कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एस डीएम विजयराय ने पौधारोपण की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए पंचतत्व के पौधारोपण अभियानों की भूरि-भूरि प्रशंसा की.एवं पंचतत्व के लिये सदैव सहयोग करने का आश्वासन दिया. कृषि विभाग के ऑफिस एसडीएम बंगले के पीछे पंचतत्व सदस्यों ने आम,आंवला,जामुन आदि किस्मों के पौधे रोपे .

## एसडीओ पद पर निवेश शार्मा का चयन

सांध्य प्रकाश समाचार, नर्मदा पुरम। नगर पालिका इटारसी के एन यू एल एम शाखा प्रभारी राजेंद्र शर्मा जी के पुत्र निवेश शर्मा को मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग स्टेट इंजीनियरिंग सर्विसेज के घोषित परिणाम में एसडीओ पीडब्ल्यूडी के पद पर चयन हुआ है, निवेश शर्मा की वर्तमान अंतिम चयन सूची में आल एम पी इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग ब्रांच से रैंक नंबर वन ( 1 ) है। वर्तमान में निवेश शर्मा एस एस सी से चयनित होकर सेंट्रल पीडब्ल्यूडी नर्मदापुरम में विगत दो वर्षो से जूनियर इंजीनियर ( विद्युत ) के पद पर कार्यरत हैं, उन्हे वर्तमान पद पर सेवारत रहते हुए पुनः कड़ी मेहनत और लगन से सफलता हासिल हुई है। नगर पालिका इटारसी के समस्त कर्मचारी -अधिकारीयों सहित ईस्ट मित्रों ने पुत्र निवेश शार्मा को एसडीओ पीडब्ल्यूडी बनने पर उन्हें और पुत्र को हार्दिक शुभकामनाएं - बधाई प्रेषित की ।

## भक्तिमय पैदल शिव कांवड़ यात्रा निकाली गई



ओबेदुल्लागंज । लगातार 13 वर्ष से स्थानीय शिव मंदिर अर्जुन नगर से भोजपुर शिव मंदिर तक विशाल भक्तिमंय पैदल शिव कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया बड़ी संख्या में शिव भक्त शामिल हुए सोमवार को दो कावड़ यात्रा प्रारंभ हुई एक कावड़ यात्रा बरखेड़ा रोड चौहान ढाबे शिव मंदिर से महेंद्र चौहान, योगेश श्रीवास्तव ने बताया कि बुधनी से मां नर्मदा घाट से नर्मदा जल भोजपुर शिव मंदिर मैं अभिषेक पूजा कर समापन होगा प्रसाद वितरण है यह श्री राम भक्त सेवा दल के तत्वाधान में निकाली जा रही य कावड़ यात्रा का 9वा वर्ष है वहीं दूसरी कावड़ यात्रा अर्जुन नगर शिव मंदिर से 5 अगस्त सोमवार को सुबह 10ः00 से प्रारंभ हुई आपको बता दें यह कावड़ यात्रा स्वर्गीय देवेंद्र गुप्ता व उनके इष्ट मित्रों द्वारा शिव कावड़ यात्रा आरंभ की गई थी यह शिव कावड़ यात्रा के लगातार 13 वर्ष हो चुके हैं भोजपुर मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद शाम 4ः00 बजे आज भोजपुर जैन मंदिर में शिव भक्तों द्वारा विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया है

## कृष्ण जन्माष्टमी पर गौली समाज करेगा सम्मान

सिवनी। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी जिला गौरी समाज व संगठन द्वारा भव्य श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाया जा रहा है। इस ऐतिहासिक अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण जी का पूजन अर्चन उपरांत विशाल शोभायात्रा के आयोजन पश्चात समापन स्थल में इस शैक्षिक सत्र 2023ङ्क24 में कक्षा दसवीं एवं बारहवीं में 75त्न व इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले तथा शास. निजी सेवा में जिनकी नौकरी लगी है ऐसे बेटाङ्कबेटियों का प्रतिभा सम्मान तथा इस वर्ष शासकीय एवं निजी सेवा से सेवा निवृत्त होने वाले सामाजिक बंधुओं का सम्मान कार्यक्रम आयोजित जा रहा है।जिले के समस्त स्वजातीय बंधुओं से आग्रह है कि आपके घर परिवार समाज व ग्राम नगर में ऐसे प्रतिभावान बच्चों की अंक सूची जिला गौली समाज संगठन के वाट्सएप समूह में 15 अगस्त उपलब्ध कराएं जिससे की होनहार प्रतिभा को प्रशस्ति पत्र सम्मान और पुरस्कार की समय पूर्व पूर्ण तैयारी हो सके।

## हरियाली महोत्सव मना जागरूकता रैली निकाली



कानवन। ग्राम अमोदिया स्थित वर्थिंगटन इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने हरियाली दिवस मनाया। साथ ही पर्यावरण को हरा भरा रखने के लिए जागरूकता रैली निकाली। हरियाली बढ़ाओ, खुशहाली लाओ और वर्थिंगटन का है संदेश , हरा भरा हो भारत देश जैसे नारों के साथ बच्चों ने ग्राम अमोदिया एवं गाजनोद की गलियों में घर-घर जाकर और चौपाल पर ग्रामीणों से संवाद किया। साथ ही छोटे बच्चों ने विद्यालय परिसर में हरियाली महोत्सव मनाया। बच्चों द्वारा पर्यावरण संरक्षण को प्रेरित करने के लिए प्रोजेक्ट भी बनाए गए।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत गौ लोक धाम ग्राम गुंजी में हुआ पौधा रोपण

दमोह । एक पेड़ मां के नाम÷ अभियान अंतर्गत आज ग्राम गुंजी के गौ लोक धाम में दमोह सासंद श्री राहुल सिंह लोधी और हटा विधायक श्रीमती उमादेवी खटीक ने 101 पौधे रोपित किए कार्यक्रम का आयोजन तुलसीराम तिवारी मित्र मंडली द्वारा जन अभियान परिषद, छात्र क्रांति दल एवं छात्र सर्व कल्याण समिति दमोह, बजरंग दल, अनेक ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियां, शिव भक्त बांदकपुर धाम के सहयोग से आयोजित किया गया। इस अवसर पर राजू कमल ठाकुर, धर्मेन्द्र चटन पटेल, बृजेश ठाकुर, नायब तहसीलदार हिंडोरिया, जन अभियान परिषद जिला समन्वयक सुशील कुमार नामदेव, ब्लॉक समन्वयक वंदना जैन, रघुनंदन चतुर्वेदी, वीरू नेमा, महेश उपाध्याय, सोनू ठाकुर, शंकर गौतम, अंशु दुबे, कमलेश दुबे, राजकुमार सेन सहित अनेक गणमान्य लोगों की उपस्तिथि रही।

### शहीद लाल पद्मधर सिंह पर रचित कृति का विमोचन समारोह

# जांबाज सपूतों की दृढ इच्छा शक्ति और बलिदान से मिली आजादीः राजेन्द्र शुक्ल





भोपाल । उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के जांबाज सपूतो की दृढ इच्छा शक्ति और बलिदान से ही देश को आजादी मिली है। सन् 1942 की अगस्त क्रांति 1857 की क्रांति से कही अधिक मारक थी। जिसके फलस्वरूप अगस्त 1947 में हमें आजादी मिली और लोकतंत्र में जीने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि विंध्य के अमर शहीद लाल पद्मधर सिंह को स्मरण करना और इन कार्यक्रमों में शामिल होना हर देशवासी के लिए गौरव की बात होती है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल रविवार को सतना के टाउन हाल में आयोजित अमर शहीद लाल पद्मधर सिंह पर रचित कृति के विमोचन समरोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंत्री महाराज पुष्पराज सिंह रीवा ने की। इस अवसर पर सांसद गणेश सिंह, विधायक नागौद नागेंद्र सिंह, विधायक चित्रकूट सुरेंद्र सिंह गहरवार, विधायक सतना सिद्धार्थ कुशवाहा, महापौर योगेश ताम्रकार, पूर्व विधायक प्रभाकर सिंह, एकेएस विवि के चेयर मैन अनंत सोनी, कृपालपुर के ब्रिगेडियर द्वय भूपेंद्र सिंह सहित जिले के स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और कृपालपुर परिवार उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल एवं अतिथियों ने जाखी के रमेश प्रताप सिंह द्वारा अमर शहीद लाल पद्मधर सिंह पर रचित कृति (पुस्तक) का विमोचन किया। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में अगस्त क्रांति 1942 में विंध्य के सपूत लाल पद्मधर सिंह ने राष्ट्रीय झण्डे और देश के अभिमान को झुकने नहीं दिया। उन्होंने अपने सीने में गोली खाकर स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देकर बलिदान कर दिया। उन्होंने अपने बलिदान से विंध्य की माटी को गौरवान्वित किया है। उनके योगदान और कृतित्व को आने वाली पीढ़ी को प्रेरणा के लिए जीवंत रखना होगा। श्री शुक्ल ने कहा कि देश को स्वतंत्र हुए अभी 75 वर्ष ही हुए है। जबकि देश ने हजार वर्षों की गुलामी झेली है। वीर शहीदों का स्मरण ही नहीं इनकी पूजा की जानी चाहिए। इन्हीं के बलिदान से हम लोकतंत्र में और स्वतंत्र वातावरण में सांस ले रहे हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में आगे बढ रहा है। अर्थव्यवस्था के मामले में विश्व के पांचवे स्थान पर है। स्वतंत्रता के सौवे वर्ष में भारत अर्थव्यवस्था के पहले पायदान पर होगा और फिर से एक बार भारत देश सोने की चिडिया होने का नाम सार्थक करेगा।

सांसद गणेश सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में लाल पद्मधर सिंह का बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनकी गौरव गाथा हमेशा सबकी जुबान पर रहेगी। सांसद ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के महानायकों के जीवन वृत्त और कृतित्व को संकलित कर साहित्य का रूप देना चाहिए ताकि आने वाली पीढी उनसे प्रेरणा ले। उन्होंने कहा प्शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सतना का नामकरण भी अमर शहीद के नाम किया गया है। इस महाविद्यालय को पीएम एक्सीलेंस कालेज भी बनाया गया है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व मंत्री पुष्पराज सिंह ने कहा कि शहीदों से जुडे हुए किसी भी स्थल पर जाना चारों धाम की यात्रा की तरह होता है। विंध्य के सपूत लाल पद्मधर सिंह ने मात्र 27 वर्ष की आयु स्वतंत्रता संग्राम में प्राणों की आहुति देकर अपना जीवन धन्य किया है। यह हम सब के लिए गौरव और प्रेरणा की बात है। उन्होंने कहा कि युवा पीढी को स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के विचारों को आत्मसात करना चाहिए और लक्ष्य प्राप्ति के लिए फोकस साधकर आगे बढ़ना चाहिए। लाल पद्मधर सिंह ने अपना बलिदान देकर भारत को स्वतंत्रता की दहलीज पर लाकर खड़ा किया था।

कार्यक्रम के प्रारंभ में उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने अमर शहीद लाल पद्मधर सिंह के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन किया और श्रृद्धा सुमन अर्पित किये।

## मौत के साए में शहर के बेसमेंट कोचिंग , होटल और बीयर बार

सांध्य प्रकाश समाचार, नर्मदा पुरम-इटारसी। दिल्ली बेसमेंट घटना क्रम को देखते हुए मप्र के मुखिया सीएम मोहन यादव ने जिले के कलेक्टरों को अलर्ट किया है कि दिल्ली जैसा हादसा मप्र में न हो इसी तारतम्य में ग्वालियर ,भोपाल, इन्दौर , जैसे महा नगरों के बाद नर्मदापुरम में भी प्रशासन अलर्ट मोड़ पर है । मप्र के महानगरों में बेसमेंट में संचालित कोचिंग व अन्य प्रतिष्ठानों पर प्रशासन का ताला जड़ दिया गया वही नर्मदापुरम की सीएमओ ने भी संचालित बेसमेंट की दुकान/हालों को ताला जड़कर कार्रवाई कर डाली , परन्तु लगातार बारिश के बाद भी इटारसी सीएमओ का ध्यान इस ओर क्यों नहीं ? इटारसी नगर पालिका से पार्किंग के नाम पर मिली परमिशन बेसमेंटों में कमर्शियल उपयोग हो रहा है जिससे नपा को भी राजस्व की हानी हो रही है और उपयोग कर्ता को जोखिम का ख़तरा मंडरा रहा है इसके बाद भी नपा बेखबर है।

दिल्ली हादसे से सबक लेते हुए मप्र के सीएम श्री यादव ने अलर्ट कर जिले के कलेक्टरों से बेसमेंट की जांच और बारिश की विषम परिस्थितियों में सेना कि भी जरूरत पड़े तो समय से बताएं कहा। परन्तु इटारसी शहर के मार्केट एरिया पर संचालित बेसमेंटों पर सीएमओ मेडम की नजर नहीं जबकि यहां कई ऐसे गुप्त बेसमेंट है जहां अनेक कमियां है ।

### नपा से परमिशन पार्किंग की ओर संचालित है दुकान ओर कोचिंग

हमारे सूत्रों ने बताया कि कॉन्वेंट स्कूल के पास एक बेसमेंट में आज भी एक कोचिंग संचालित है, मेडम जी जरा शहर का एक निरीक्षण कर बेसमेंट की जानकारी जुटा लें तो शायद कोई अनहोनी टल जाए ।

### इटारसी में इन स्थानों पर संचालित है कमर्शियल बेसमेंट ...

कॉन्वेंट स्कूल के पास, सराफा बाजार ,13 वीं लाइन, 2 तलघर स्टेशन रोड़, बीयर बार जैसे खतरनाक संचालित हो रहे है जानकारी के बाद कार्यवाही भी किस बात इंगित करता है

## केन-बेतवा लिंक परियोजना का थर्ड फेस जल्द पूरा होः पटेल



दमोह । प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल ने कहा है दमोह जिले के लिए व्यारमा नदी पर डैम ऐसी बड़ी सौगात है, जिससे दमोह जिले के एक-एक खेत के एक-एक इंच में पानी पहुंचाने का काम होगा। व्यारमा नदी पर पटेरा विकासखंड में लगभग रेलवे लाइन के कुछ किलोमीटर ऊपर यह डैम बनाया जाना प्रस्तावित है, उस डैम का प्रपोजल तैयार हो गया है, जो लगभग 14 हजार करोड़ का होगा। यह केन-बेतवा लिंक परियोजना का थर्ड फेस है, केन-बेतवा लिंक परियोजना से पूरा बुंदेलखंड चाहे वह उत्तर प्रदेश का बुंदेलखंड हो, चाहे मध्य प्रदेश का बुंदेलखंड हो पूरा सिंचित होगा। उस परियोजना से हमारे दमोह के कुछ हिस्से बच रहे थे, उस हिस्से को ?सिंचित करने के लिए मुख्यमंत्री जी से कहा था यदि यह तीसरे फेस में हो जाए तो दमोह के लिए बहुत बड़ा काम होगा।

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने बात को सहजता से मानते हुए पूरा किया है, पूर्व में जल शक्ति राज्यमंत्री प्रहलाद सिंह पटेल थे उन्होंने भी इसमें अपना योगदान दिया था, जयंत मलैया जी वित्तमंत्री और सिंचाई मंत्री रहे हैं, इन सभी के प्रयास पूर्व से रहे।

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने जबेरा में मंच से घोषणा की है इसको शीघ्र अतिशीघ्र शुरू किया जाये, ताकि दमोह जिले के लोगों को फायदा हो सके। राज्यमंत्री पटेल ने किसान बंधुओं की ओर से और दमोह जिले के निवासियों की ओर से मुख्यमंत्री जी का दिल से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा इससे सिर्फ सिंचाई नहीं होगी, सिंचाई के साथ पीने का पानी और वाटर लेवल इतना ऊपर हो जाएगा की आज जो दमोह में 600 से 700 फीट पर पानी निकल रहा है, डैम के बनने से चारों तरफ 50 से 70 फिट में वाटर लेवल 2 से 3 साल के अंदर इतना वाटर लेवल हो जाएगा।

## डायरिया पीड़ित लोग सीएम से मिलना चाहते हैं, परन्तु सीएमएचओ के इंकार से डर बना हुआ है



मंडला। -जिले में 5 अगस्त-2024 को मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री के बम्हनी बंजर में संभावित प्रवास कार्यक्रम भी निरस्त होने की सुत्रों से खबर आ रही है। जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया जा चुका है। कार्यक्रम के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जा चुके हैं,इस दौरान अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त कलेक्टर अरविंद सिंह एवं ऋषभ जैन सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**डायरिया पीड़ित सीएम से मिलकर कहना चाहेंगे आपबीतीः** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव प्रदेश के अधिकतर जिलों में बारी-बारी से दौरा कर लोगों की समस्याओं का जायजा ले रहे हैं।05/08/24 को सीएम द्वारा बालाघाट से मण्डला से बैतूल का दौरा सुनिश्चित किया गया जो सूत्रो से मिली खबर के अनुसार किन्हीं कारणों से निरस्त होने की संभावना बन रही है। जिले में फैली महामारी एवं बारिश से पीड़ित लोग अपनी आपबीती हेतु सीएम से मिलकर रुबरु होना चाहते हैं। आदिवासी बाहुल्य जिला मण्डला में तत्काल में एक नया मामला सामने आया है,डायरिया जैसी महामारी से जहां दर्जनों मासूम आदिवासी मौत के घाट उतर गये और उनके सैकड़ों परिजन डायरिया के शिकार कुछ अस्पताल तो कुछ घरों में है।जब वो मासूम अपनी आपबीती एवं उनके घरों में महामारी से परेशान लोगों की समस्याओं को लेकर स्वास्थ्य विभाग के मुखिया मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सीएमएचओ डॉ कीर्ति चन्द्र सरोते से मिलने कोषों दूर से चलकर मिलने आये तो सीएमएचओ डॉ सरोते ने अपने दफ्तर के बाहर दरबान से उन मासूमों को यह कहकर कि अभी मेरे पास मिलने के लिए समय नहीं है मिलने से इंकार कर उन्हें चलता कर दिया। डायरिया से परेशान उन्हीं लोग अपनी आपबीती प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री से बताना चाहता है, परन्तु उन मासूमों को इस बात का डर बना हुआ है कि जब हम अपनी आपबीती लेकर कोषों दूर से मिलने सीएमएचओ डॉ सरोते के पास आये तो सीएमएचओ डॉ सरोते ने हमारी समस्या सुनने को छोड़ हमसे बात तक नहीं किए।कहीं यही बात मुख्यमंत्री ने भी यदि दोहरा दिया तो आखिर इन मासूमों की आपबीती कौन सुनेगा जहां प्रदेश के मुखिया का कहना है कि मासूम आदिवासियों को यदि किसी भी समय कोई समस्या-परेशानी होती है तो उसके लिए उनके साथ मैं हर समय खड़ा हुं, वहीं दूसरी तरफ जहां स्वास्थ्य विभाग की जिसको जिम्मेदारी सौंपी गई है वही सीएमएचओ डायरिया से पीड़ित लोगों से मिलने से इंकार कर रहा है, उक्त लोगों द्वारा मांग की जा रही है कि तत्काल जिला कलेक्टर एवं आला-अधिकारियों द्वारा सीएमएचओ के कार्यालय में लगे सीसीटीवी की फुटेज़ निकालकर मामले की जांच कर सीएमएचओ को तत्काल हटाया जाए।

### इनका कहना है

स्वास्थ्य विभाग को चाहिए कि वो लोगों से अपने व्यवहार में तत्काल सुधार लावे तथा उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुने और उसका निराकरण करें एवं जिले में बंद पड़े हुए समस्त उपस्वास्थ्य केन्द्रों को तत्काल चालू कर उनमें स्टाफ की व्यवस्था करें।

**अधिवक्ता जयदत्त झा**
**सांसद प्रतिनिधि**

## विकासखंड मोहगाँव में ग्रामीणों द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शनः बोध सिंह मरकाम



मंडला- जिले के विकासखंड मोहगाँव अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों के हालत जर्जर हो चुके हैं,जिसको लेकर ग्रामीणों द्वारा 6 अगस्त को मंडला- डिण्डौरी सडक मार्ग स्थित चौराहा में धरना प्रदर्शन किया जावेगा।जिसकी ग्रामीणों के द्वारा सूचना जवाबदार अधिकारियों को दे दिया गया है।विकासखंड मोहगाँव अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में शिक्षा अध्ययन कर रहे छात्र-छात्राओं को अनेक परेशानियों का सामना करना पड रहा है।इस संबंध में शासन- प्रशासन को अनेकों दफा आवेदन पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया है, परन्तु विद्यालयों में नवीन भवन निर्माण नहीं कराया गया जो कि अत्यंत चिंता का विषय है,जबकि शासन द्वारा शिक्षा को बढावा देने के लिए अनेकों योजनाएं चलाई जा रही है, जिससे कि ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों के बच्चों का सर्वागीण विकास हो सके।

जनपद पंचायत मोहगाँव के क्षेत्र क्रमांक-8 के जनपद पंचायत सदस्य बोध सिंह मरकाम के द्वारा विकास खंड मोहगाँव के विभिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु शासन प्रशासन को पत्राचार के माध्यम से अवगत कराया गया है।पत्राचार के बाद संबंधित विभाग द्वारा शिक्षकों व आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को निर्देश देकर अन्यत्र विद्यालय व आंगनवाड़ी संचालित करने को कहा गया।आज स्थिति यह हो चुकी है कि आंगनबाड़ी केंद्र और प्राथमिक/ माध्यमिक शाला के छोटे-छोटे मासूम बच्चे शिक्षा को लेकर यहाँ-वहाँ भटकते नजर आ रहे हैं। इसी कारण से शासकीय विद्यालयों के बच्चों के पालक प्राइवेट विद्यालयों की ओर कदम बढाते नजर आ रहे है,जिससे आज के समय में शिक्षा एक व्यापार हो चुका है।

जनपद पंचायत सदस्य बोध सिंह मरकाम ने विकास खंड मोहगाँव के समस्त क्षेत्रवासियों से अपील की है कि दिनांक 6/8/2024 दिन मंगलवार को मंडला- डिण्डौरी सडक मार्ग स्थित चौराहा में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया जाना है जिसमें आप सभी सादर उपस्थित होकर विशेष रूप से सहयोग करें ताकि अपने क्षेत्र के बच्चों को शिक्षा के लिए हो रहे परेशानियों से निजात मिल सके।

## डीपी से केबल तार चुराने वाली चोर महिला निकली, पुलिस 1 घंटे में किया गिरफ्तार

### घेराबंदी कर महिला से 50 हजार के तार किए बरामद

**सीहोर।** भैरुंदा पुलिस ने डीपी से केवल तार चुराने वाली एक महिला को घेराबंदी कर अपनी गिरफ्त में लिया है। महिला के द्वारा क्षेत्र के गांव गुलरपुरा में स्थित एक क्रेशर प्लांट में लगी डीपी से चोरी की घटना को अंजाम दिया। फरियादी की सूचना के 1 घंटे के अंदर ही पुलिस ने घटना को अंजाम देने वाली महिला को गिरफ्तार कर लिया था।

चोरी के बाद महिला केवल तार ले जाने के लिए किसी वाहन के आने का इंतजार कर रही थी। संभवत गिरोह के किसी सदस्य को इसकी सूचना महिला के द्वारा दी गई होगी। लेकिन महिला के मौके से फरार होने से पूर्व ही पुलिस के द्वारा उसे दबोच लिया गया। इस संबंध में एसडीओपी दीपक कपूर ,थाना प्रभारी घनश्याम दांगी ने बताया कि गांव गुलरपुरा में वीएसआर प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी भोपाल के क्रेशर प्लांट में लगी डीपी से 2 अगस्त दिन शनिवार को दिन में ही एल्युमिनियम विधुत केबल लगभग 150 फीट चोरी होने की सूचना वहां पर काम करने वाले लाडकुई निवासी ओम प्रकाश जायसवाल ने शाम 4 के लगभग पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ने लाडकुई चौकी के बल को मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस ने अपने मुखबिर तत्काल सक्रिय कर दिए थे। जैसे ही पुलिस को सूचना मिली कि गुलरपुरा रोड पर एक महिला प्लास्टिक के बड़े थैले के साथ खड़ी हुई है और वह किसी के आने का इंतजार कर रही है। महिला पुलिस बल के साथ बल मौके पर पहुंचा और सुनसान रास्ते पर खड़ी सबना पारदी पिता देवनारायण ( 21 ) निवासी चामसी थाना आष्टा हाल इछावर से वहां पर खड़े रहने का कारण पूछा और उसके झौले की तलाशी ली गई तो उसके अंदर एल्युमिनियम के केवल तार रखे हुए थे। मौके पर ही पूछताछ के दौरान महिला ने पहले तो पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया लेकिन जब महिला पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की तो उसने क्रेशर प्लांट में लगी डीपी से तार की चोरी किया जाना स्वीकार किया। पुलिस ने मौके से ही महिला के पास से 50हजार कीमत का तार जप्त कर उसे अपनी गिरफ्त में लिया।

## संगम सेवालय ने श्यामजी नगर मे किया पौधारोपण

संगम सेवालय की टीम ट्री एम्बुलेंस ने आज की श्याम जी नगर कॉलोनी के पार्क मे पौधरोपण किया आज यहाँ पर कदम ,गुलमोहर और आम के पौधे का रोपण किया गया और इन पौधों को ट्री गार्ड के द्वारा सुरक्षित किया गया टीम के सदस्य दिल्लाराम जी ने बताया कि हमारी टीम बरसात के मौसम मे पौधारोपण करती हे और पूरे वर्ष उनकी देखभाल करती है जिससे पौधे पूरी तरह विकसित हो जाते हैं आज पौधरोपण के समय विपिन अवस्थी,अंजू अवस्थी,सुरेंद्र चौरसिया, ऋषभ चौरसिया, दसरथ असाटी,ममता असाटी,आशा खरे,प्रभास खरे,नन्दनी श्रीवास्तव, रजनीकांत ,उषा सकसेना,पाठक जी,अनामिका,अंशिता असाटी,गौतम,आकाश अनाया उपस्थित रहे

सोशल मीडिया से

## जल्द ही शुरू होगी बीएसएनएल की 5जी सर्विस, जिओ और एयरटेल की बढ़ी टेंशन




जिओ और वीआई, एयरटेल के रिचार्ज प्लान्स में बढ़ोत्तरी के बाद यूजर्स सरकारी कंपनी बीएसएनएल में पोर्ट कराने लगे। इसका कारण था सस्ती सर्विसेस लेकिन वहीं डेटा स्पीड, कालिंग की बात करें तो इसमे पीछे रह जाती है। लेकिन अब बीएसएनएल ने जियो और एयरटेल को टक्कर देने के लिए अपनी कमर कस ली है। बता दें कंपनी 5 सर्विस को टेस्ट कर रही है। हालांकि ठैछस् की 4ळ सर्विस पूरी तरह से रॉलआउट नहीं हुई है, लेकिन 5जी की तैयारी शुरू कर दी गई है। इसको लेकर टेलीकॉम मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने एक्स हैंडल पर बीएसएनएल की सर्विस की एक क्लिप पोस्ट की है।

केंद्रीय मंत्री ने शेयर किया वीडियो

वीडियो में देखा जा सकता है कि संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बीएसएनएल 5जी के जरिए वीडियो कॉल किया। उन्होंने इसका वीडियो अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर शेयर किया। सिंधिया ने लिखा कि कनेक्टिंग इंडिया, बीएसएनएल 5जी इनेबल फोन कॉल अभी ट्राई किया।

## मिआ बाए तनिष्क का भारतीय पैरा तीरंदाज शीतल देवी के साथ सहयोग

ुंबई, एजेंसी। भारत के सबसे ट्रेंडी प्रेशियस फाइन ज्वेलरी ब्रांड्स में से एक, मिआ बाए तनिष्क ने शुरू किया है अपना नया कैम्पेन - देखना है तो खेल देखो अतुलनीय प्रतिभा की मिसाल, अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित, विश्व की नंबर 1 महिला पैरा आर्चर शीतल देवी के बेजोड़ कौशल, अटूट जज़्बा और खेल के प्रति लगाव को इस प्रेरणादायी कैम्पेन में सलाम किया गया है। शीतल देवी के शक्तिशाली दृष्टिकोण को दिखाते हुए मिआ इस कैम्पेन के ज़रिए हर व्यक्ति को प्रोत्साहित कर रहा है अपनी क्षमताओं को पहचानने, अपने पैशन को गर्व के साथ आगे बढ़ाने और अपनी शक्ति को प्रदर्शित करने के लिए, मिआ ब्रांड इस कैम्पेन में आपसे कह रहा है, अपने भीतर के स्टार को चमकने दें। मिआ ने अपनी ब्रांड संस्कृति के अनुरूप अपने कैम्पेन में हमेशा रूढ़िमुक्त और असली महिलाओं की अलग-अलग कहानियों को बयां किया है। एथलिट्स, मॉम-ब्लॉगर, बॉडी-पॉजिटिविटी इंफ्ल्युएंसर्स, पूरे जेंडर स्पेक्ट्रम के लोग, डाउन सिंड्रोम वाले और ऐसे कइयों की कहानियां मिआ के कैम्पेन में देखी गयी हैं। उनके सबसे नए कैम्पेन में शीतल देवी रेखांकित कर रही है, मिआ ब्रांड की प्रतिबद्धता, विभिन्न प्रतिभाओं और कहानियों का जश्न मनाने की, और इस तरह से मिआ ने पैरा-एथलिट के साथ सहयोग करने वाले पहले ज्वेलरी ब्रांड के रूप में अपनी नयी पहचान भी बनाई है।

## मेरी घुसपैठिया कहानी ट्रेंड इवेंट में 15 सर्वाइवर्स ने शेयर किए अपने दर्दनाक अनुभव, घुसपैठिया ने दिया मंच

मुंबई, एजेंसी। 5 अगस्त को फिल्म घुसपैठिया रिलीज हो रही है. सुसि गणेशन डायरेक्टेड इस फिल्म में विनीत कुमार सिंह, उर्वशी रौतेला, और अक्षय ओबेरॉय प्रमुख किरदारों में दिखेंगे। साइबर क्राइम से जुड़ी इस फिल्म की रिलीज से पहले मेकर्स ने मेरी घुसपैठिया कहानी के तहत लोगों को उनकी साइबर क्राइम से जुड़ी घटनाओं को मंच दिया. ऐसे में 15 बड़ी और दर्दनाक घटनाएं सामने आईं। साइबर अपराध की बढ़ती समस्याओं के प्रति जागरूकता फैलाने के एक जोरदार प्रयास में, हाल ही में एक इवेंट में 15 साहसी सर्वाइवर्स ने अपने दर्दनाक अनुभव साझा किए. इन व्यक्तियों ने साइबर खतरों, अपराधों और फोन टैपिंग की अपनी गहरी कहानियाँ साझा कीं, और बताया कि इन हमलों ने उनके जीवन पर कितना गहरा प्रभाव डाला है। इस इवेंट को एक अद्वितीय पहल के रूप में सराहा गया, जिसने सर्वाइवर्स को अपनी संघर्षों और विजय की कहानियों को साझा करने का एक बेहतरीन मंच प्रदान किया। घुसपैठिया की मास्टरमाइंड डायरेक्टर सुसि गणेशन और निर्माता मंजरी सुसि गणेशन ने इस इवेंट में हिस्सा लिया और इन साहसी व्यक्तियों का समर्थन किया, उनकी हिम्मत बढ़ाई।पीड़ितों ने साइबरबुलिंग और अपराधों के जाल में फंसने के अपने वास्तविक अनुभव साझा किए। एक महिला ने कहा, मुझे एक बहुत प्रसिद्ध कंपनी में बेहतर नौकरी के अवसर के लिए पैसे देने को कहा गया। उन्होंने एक खास पद के लिए एक निश्चित राशि मांगी, जो मेरे बजट से बाहर थी, लेकिन मैंने फिर भी पैसे दिए। कुछ दिनों बाद, जब मैंने उनसे संपर्क किया और कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, तब मुझे समझ आया कि मैं साइबर अपराध के जाल में फंस चुकी हूँ। मुझे पूरी तरह से धोखा और निराशा का एहसास हुआ। एक और पीड़ित ने बताया, मुझे बड़े लाभ के वादों के साथ एक बड़ी राशि निवेश करने के लिए लुभाया गया। जब पैसा चला गया, तो मुझे अंतत~ समझ आया कि मैं साइबर अपराध के जाल में फंस गई हूँ। अपने मेहनत से कमाए गए पैसे को इस तरह धोखे में खोना बहुत ही परेशान करने वाला था।

# अमेरिका-चीन... चिप मैन्यूफैक्चरिंग में गेम बदलेगा भारत, टाटा की सेमीकंडक्टर यूनिट का निर्माण शुरू




नई दिल्ली, एजेंसी। असम में टाटा की सेमीकंडक्टर यूनिट के निर्माण कार्य की शुरुआत आज एक बड़े समारोह के साथ हुई। इस मौके पर राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और टाटा संस लिमिटेड के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन मौजूद रहे। केंद्रीय रेल, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी और सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया से बातचीत में बताया कि प्रधानमंत्री हमेशा से एक्ट ईस्ट पॉलिसी पर जोर देते रहे हैं। आज असम में इस इकाई के निर्माण कार्य की शुरुआत के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 29 फरवरी, 2024 को मंजूरी दी थी।

भारत में सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले मैन्यूफैक्चरिंग इकोसिस्टम के विकास के लिए 21 दिसंबर, 2021 को 76,000 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के साथ एक कार्यक्रम की अधिसूचना जारी की गई थी। जून, 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने साणंद, गुजरात में एक सेमीकंडक्टर यूनिट स्थापित करने के लिए माइक्रोन के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। इसका निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि टाटा की सेमीकंडक्टर यूनटि 27 हजार करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित की जाएगी। इससे 15 हजार प्रत्यक्ष और 11-13 हजार अप्रत्यक्ष रोजगार पैदा होने की उम्मीद है। उन्होंने सेमीकंडक्टर उद्योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह एक बुनियादी उद्योग है। इससे विभिन्न अपस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम उद्योगों में रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

इस यूनटि की प्रस्तावित क्षमता प्रतिदिन 4.83 करोड़ सेमीकंडक्टर चिप बनाने की है। उन्होंने यह भी बताया कि यह इकाई स्वदेशी उन्नत सेमीकंडक्टर पैकेजिंग तकनीकों के विकास के लिए एक केंद्र होगी। इसमें वायर बॉन्ड, फ्लिप चिप और आई-एसआईपी (इंटीग्रेटेड सिस्टम इन पैकेज) प्रौद्योगिकियां शामिल हैं। इन तीनों प्रमुख तकनीकों को इस संयंत्र में डिप्लॉय किया जाएगा। इनका विकास भारत में ही किया जा रहा है। ये प्रौद्योगिकियां ऑटोमोटिव (विशेष रूप से इलेक्ट्रिक वाहन), संचार, नेटवर्क इन्फ्रास्ट्रक्चर और अन्य जैसे प्रमुख अनुप्रयोगों के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं।

## स्टैंडर्ड कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड ने एनसीडी जारी कर जुटाए 264 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्टैंडर्ड कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड (बीएसईः 511700), एक प्रमुख एनबीएफसी, ने घोषणा की है कि उसके बोर्ड ने 2648 अनरेटेड, अनलिस्टेड, सिक्योर्ड एनसीडी के आवंटन को मंजूरी दे दी है, जिनका अंकित मूल्य 10 लाख रुपये प्रति एनसीडी है। ये एनसीडी प्राइवेट प्लेसमेंट के माध्यम से 10 लाख रुपये प्रति एनसीडी की कीमत पर जारी किए गए हैं, जिसकी कुल राशि 264.80 करोड़ रुपये है। हाल ही में, कंपनी ने घोषणा की थी कि वह पैसालो डिजिटल लिमिटेड के साथ साझेदारी करेगी, जो ग्रामीण भारत में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने वाली एक अग्रणी वित्तीय सेवा कंपनी है। यह निवेश एससीएमएल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि वह नवीन समाधानों को बढ़ावा देकर वित्तीय अंतर को पाटने और कम सेवा वाले क्षेत्रों में आर्थिक विकास को बढ़ावा देगी।एससीएमएल का निवेश पैसालो डिजिटल लिमिटेड को अपनी पहुंच और प्रभाव का विस्तार करने में सक्षम करेगा, जिससे अधिक से अधिक ग्रामीण समुदायों को आवश्यक वित्तीय सेवाओं तक पहुंच मिल सकेगी। प्रौद्योगिकी और नवाचार में एससीएमएल की विशेषज्ञता का लाभ उठाते हुए, पैसालो डिजिटल लिमिटेड अपने डिजिटल प्लेटफॉर्म को बढ़ाएगा, जिससे सेवाएं आसानी से और कुशलतापूर्वक उपलब्ध हो सकेंगी। इस साझेदारी में उधारकर्ताओं के लिए अधिक लचीले ऋ्रण मानदंड सहित अधिक लक्षित और प्रतिस्पर्धी उत्पादों की पेशकश भी शामिल है।स्टैंडर्ड कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड के एमडी श्री राम गोपाल जिंदल ने साझेदारी पर उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, हमें ग्रामीण भारत में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के अपने मिशन में पैसालों डिजिटल लिमिटेड के साथ सहयोग करने की खुशी है।

## एनईसीसी लिमिटेड ने फाइनेंशियल ईयर 25 की पहली तिमाही के लिए शानदार आय की घोषणा की

मुंबई, एजेंसी। डोमेस्टिक, इंटरनेशनल, कमर्शियल और इंडस्ट्रीयल गुड्स ट्रांसपोर्टेशन में लीडिंग कंपनी, नॉर्थ ईस्टर्न कैरीइंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने 30 जून 2024 को समाप्त तिमाही के लिए अपनी आय की घोषणा की है। 30 जून 2024 को समाप्त तिमाही के लिए, कंपनी ने ऑपरेशनल रेवेन्यू से 7763.42 लाख रुपये रिपोर्ट किए। एबिटा सालाना 58त्न उछल गया और 503.93 लाख रुपये (फाइनेंशियल ईयर 24 की पहली तिमाही) से 796.93 लाख रुपये (फाइनेंशियल ईयर 25 की पहली तिमाही) पहुंचा। शुद्ध लाभ सालाना 147त्न बढ़ा तथा 148.71 लाख रुपये (फाइनेंशियल ईयर 24 की पहली तिमाही) से 367.41 लाख रुपये (फाइनेंशियल ईयर 25 की पहली तिमाही) पहुंचा। शुद्ध लाभ मार्जिन 294 बीपीएस बढ़कर 1.77त्न (फाइनेंशियल ईयर 24 की पहली तिमाही) से 4.71त्न (फाइनेंशियल ईयर 25 की पहली तिमाही) हो गया

इससे पहले, कंपनी ने घोषणा की थी कि उसे गेल (इंडिया) लिमिटेड से तीन साल की अवधि के लिए 52.48 करोड़ रुपये की कॉन्ट्रैक्ट वैल्यू के तहत पॉलिमर के ट्रांसपोर्टेशन के लिए ऑर्डर मिला है। कंपनी ने हाल ही में इलेक्ट्रिक व्हीकल के माध्यम से ट्रकिंग के उद्देश्य से 20त्न तक शेयर/सिक्योरिटीज़ के लिए 20 करोड़ रुपये तक के इन्वेस्टमेंट के लिए एसजी लॉजिस्टिक मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के साथ एमओयू किया था। अपनी स्थापना के बाद से, नॉर्थ ईस्टर्न कैरीइंग कॉर्पोरेशन क्लाइंट्स को फ्लेक्सिबल, रेस्पॉन्सिव और सस्ती सेवाएं प्रदान कर रहा है जिसके वे हकदार हैं। कंपनी अपने ग्राहकों की विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी सॉल्यूशंस पेश करने के लिए अपने डीप ऑपरेटिंग नॉलेज का उपयोग करती है। वेयरहाउसिंग सर्विसेज़ के साथ-साथ डोमेस्टिक, इंटरनेशनल,कमर्शियल और इंडस्ट्रीयल माल ट्रांसपोर्टेशन में विशेषज्ञता के साथ नॉर्थ ईस्टर्न कैरीइंग कॉर्पोरेशन ने खुद को भारत में एक लीडिंग फ्रेट (माल) फॉरवर्डिंग कंपनी के रूप में स्थापित किया है। जो लोग सामान को एक डेस्टिनेशन से दूसरी तक ले जाना चाहते हैं, उनके लिए नॉर्थ ईस्टर्न कैरीइंग कॉर्पोरेशन कॉस्ट-इफेक्टिव सॉल्यूशंस देता है। इसकी सेवाओं में फ्रेट (माल) मैनेजमेंट और कस्टमाइज लॉजिस्टिक्स सॉल्यूशंस की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है, जो एक ऑटोमेटेड ईआरपी-बेस्ड सॉफ्टवेयर सिस्टम द्वारा समर्थित है।

## रुशिल डेकोर लिमिटेड ने फाइनेंशियल ईयर 25 की पहली तिमाही के लिए शानदार आय की घोषणा की

**मुंबई, एजेंसी।** इको-फ्रेंडली, सस्टेनेबल एमडीएफ बोर्ड, लैमिनेट्स और प्लाइवुड के लीडिंग सप्लायर्स में से एक, रुशिल डेकोर लिमिटेड ने 30 जून 2024 को समाप्त तिमाही के लिए अपने अनऑडिटेड फाइनेंशियल रिजल्ट्स की घोषणा की है। प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर श्री क्रुपेश ठक्कर ने कहा कि~ लेटेस्ट क्वार्टर में, कंपनी ने रेवेन्यू में साल-दर-साल 15.9त्न की पर्याप्त वृद्धि दर्ज की, जो सकारात्मक फाइनेंशियल परफॉर्मेंस को दर्शाता है। पिछली तिमाही की तुलना में,कर पश्चात लाभ मार्जिन 1.6त्न के सुधार के साथ 5.5त्न तक बढ़ गया। हमें अपने एमडीएफ बोर्ड एक्सपोर्ट मार्केट्स में मूल्य प्राप्ति में सुधार का भी लाभ मिला है, जिसने हमारे ओवरऑल फाइनेंशियल रिजल्ट्स में सकारात्मक योगदान दिया है। इसके अलावा, हमारे एमडीएफ वैल्यू-एडेड प्रोडक्ट्स ने क्वांटिटी और वैल्यू में क्रमशः 45त्न और 55त्न हासिल करके रेवेन्यू और प्राफिटबिलिटी के मामले में सकारात्मक योगदान दिया है।

हमारे लैमिनेट्स डिवीजन का विस्तार अच्छी तरह से प्रोग्रेस कर रहा है तथा जंबो-आकार की शीट्स के लिए नई सुविधा वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही तक परिचालन शुरू करने के लिए तैयार है। कन्वर्टिबल वारंट्स जारी करके हमें 122.66 करोड़ रुपये की प्रेफेरेंशियल फंडिंग के लिए बोर्ड की मंजूरी मिल गई है। आज तक, हमें वारंट फंडिंग राशि का 40त्न प्राप्त हुआ है, जिसमें कुल धनराशि का 75त्न मनसा, गुजरात में नई जंबो-आकार की लेमिनेट सुविधा विकसित करने के लिए आवंटित किया गया है।

## होण्डा रेसिंग इंडिया के राइडर चेन्नई में 2024 आईडेमित्सु होण्डा इंडिया टैलेंट कप एनएसएफ250आर के तीसरे राउण्ड के लिए तैयार

**चेन्नई, एजेंसी।** होण्डा रेसिंग इंडिया के राइडर चेन्नई के मद्रास इंटरनेशनल सर्किट (एमआईसी, जिसे पहले मद्रास मोटर रेस टैऊ्रक के नाम से जाना जाता था) में 2024 आईडमित्सु होण्डा इंडिया टैलेंट कप एनएसएफ250आर के तीसरे राउण्ड में ज़बरदस्त प्रतियोगिता के लिए तैयार हैं। पिछले राउण्ड के संवेग को बनाए रखते हुए आईडेमित्सु होण्डा इंडिया टैलेंट कप के तीसरे राउण्ड में भारत के युवा राइडर अपनी प्रतिभा और दृढ़ इरादे का प्रदर्शन करेंगे।आईडेमट्सु होण्डा इंडिया टैलेंट कप एनएसएफ250आर के दूसरे राउण्ड में भी ज़बरदस्त प्रतिभा देखने को मिली थी। होण्डा रेसिंग इंडिया के राइडरों ने बेजोड़ कौशल एवं स्थिरता का प्रदर्शन किया था। मोहसीन परामबन ने रेस में प्रभुत्व बनाते हुए पहला स्थान हासिल किया। 8 लैप की रेस में मोटो3-स्पेक मशीन एनएसएफ 250आर की क्षमता का पूर्ण उपयोग करते हुए उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया।

# हीरो मोटोकॉर्प और एफआईएच ने वैश्विक साझेदारी की

### हॉकी के विकास के लिए नई साझेदारी के साथ सहयोग को और मजबूत किया




मुंबई, एजेंसी। अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने मोटरसाइकिल और स्कूटर बनाने वाली दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी हीरो मोटोकॉर्प के साथ पांच साल के लिए नई साझेदारी की घोषणा की है। हॉकी के विकास के लिए इस अत्यंत महत्वपूर्ण समझौते के साथ हीरो मोटोकॉर्प, एफआईएच का ग्लोबल लीडरशिप पार्टनर बन गया है। कंपनी ने पिछले 15 सालों से वैश्विक हॉकी के साथ अपने मजबूत और लंबे समय के जुड़ाव की पुष्टि की है। इस रणनीतिक गठबंधन का उद्देश्य इस खेल को नई ऊंचाइयों पर ले जाना, हॉकी के वैश्विक विकास को बढ़ावा देना और दुनिया भर में हॉकी प्रेमियों की भावी पीढ़ियों को प्रेरित करना है।

डॉ. पवन मुंजाल और तैय्यब इकराम ने इस आपसी पर सहयोग पर चर्चा करने के लिए वर्तमान में चल रहे पेरिस ओलंपिक के दौरान मुलाकात की।

इन अनुबंध के बारे में हीरो मोटोकॉर्प के एक्जीक्यूटिव चेयरमैन डॉ. पवन मुंजाल ने कहा~इस समय दुनिया ओलंपिक खेलों के लिए इकट्ठा हुई है, ऐसे में मुझे अगले पांच सालों के लिए अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) के साथ अपनी साझेदारी का नवीकरण करने की घोषणा करते हुए गर्व महससू हो रहा है। यह सहयोग सबसे महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय खेल अनुबंधों में से एक है। भारत में, हॉकी राष्ट्रीय गौरव और विरासत का प्रतीक है।

खेलों के चैंपियन के रूप में, हम जीवन और समाज को बदलने में खेलों के गहरे प्रभाव को समझते हैं। हॉकी, हमारा राष्ट्रीय खेल है। यह हमारे सांस्कृतिक मूल्यों के साथ गहराई से जुड़ा हुआ है। मैं एफआईएच के प्रेसिडेंट तैय्यब इकराम को अनूठे टूर्नामेंट और फॉर्मेट्स के जरिए इस खेल के उल्लेखनीय विकास के लिए बधाई देता हूं। इन प्रयासों ने हॉकी के आकर्षण और भावी पीढ़ियों के साथ इसके जुड़ाव को और अधिक बढ़ाया है। हीरो मोटोकॉर्प हॉकी के महत्व को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसमें भारत में होने वाले आगामी वैश्विक कार्यक्रम महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## संगठन विरोधी शरारती तत्वों के विरुद्ध होगी सख्त कार्यवाहीः रामेश्वर नीखरा

### मध्यप्रदेश शिक्षक कॉंग्रेस की बैठक में लिए गये कड़े फैसले




भोपाल,, आयोजित मध्यप्रदेश शिक्षक कॉंग्रेस की प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक भोपाल में संगठन के संस्थापक सरंक्षक पूर्व सांसद रामेश्वर नीखरा के मुख्य आतिथ्य एवं अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

लगभग 33 जिलों से पधारे हुए पदाधिकारियों की उपस्थिति मै रामेश्वर नीखरा ने शख्त लहजे मै कहा कि मध्यप्रदेश शिक्षक कॉंग्रेस संगठन शिक्षकों के कल्याणार्थ मेरे द्वारा संस्थापित किया गया था। इस संगठन मै यदि कोई भी शिक्षक एवं संगठन के विरोध में अपनी निजी महत्वाकांक्षा की पूर्ति हेतु कोई आवांछित कार्यवाही करेगा तो उसे क्षमा नहीं किया जा सकता। 16 जून 2024 को मेरे द्वारा संगठन के संबंध में लिए गए निर्णय अनुसार श्री नवनीत चतुर्वेदी ही संगठन के प्रांताध्यक्ष रहेंगे।

सोशल मीडिया अथवा प्रेस कॉन्फ्रेंस इत्यादि मै मध्यप्रदेश शिक्षक कॉंग्रेस का मोनो लोगो अथवा मेरी फोटो लगाकर के कुछ भी अनाप-शनाप प्रसारित करने वाले उन तत्त्वों के विरुद्ध शख्त कार्यवाही किए जाने के निर्देश संगठन के प्रमुख महामंत्री श्री किशन रजक जी को श्री नीखरा जी के द्वारा प्रदान किए गए।।

## शेरा एनर्जी ने वित्त वर्ष 25 की प्रथम तिमाही में कंसोलिडेटेड कर बाद लाभ में 46 प्रतिशत वृद्धि की रिपोर्ट

**मुंबई, एजेंसी।** नान फेरस मेटल से निर्मित स्ट्रिप्स एवं वाइंडिंग वायर्स के निर्माण के कारोबार में प्रवृत्त, शेरा एनर्जी लिमिटेड ने वित्त वर्ष 25 की प्रथम तिमाही के अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणाम की घोषणा की है. प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए शेरा एनर्जी लिमिटेड के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री नसीम शेख ने कहा, हम सहर्ष शेरा एनर्जी की ऐतिहासिक उपलब्धि की घोषणा करते हैं, जिसमें पहली बार कंसोलिडेटेड मासिक आधार पर बिक्री आंकड़ा 100 करोड रुपए के स्तर को पार कर गया. यह सीमा चिन्ह उत्पादन, बिक्री और मार्केटिंग में हमारी अपवादात्मक टीम के सख्त परिश्रम और समर्पण की कसौटी है. उनके अथक प्रयासों ने हमारी सफलता को आगे बढ़ाया है, जो लागत सस्टेनेबल कार्य कुशलता, कार्यशील पूंजी का विश्वसनीय व्यवस्थापन और हमारे ग्राहक आधार के व्यूहात्मक विस्तार के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है. इसके अतिरिक्त हमने हमारी सब्सिडियरी राजपूताना इंडस्ट्रीज लिमिटेड में हमारा हिस्सा 69.47 प्रतिशत से बढ़कर 73.91 प्रतिशत कर हमारा निवेश बढ़ाया है. मैं यह घोषणा करते हुए भी हर्षित हूं कि राजपूताना इंडस्ट्रीज अपने आईपीओ की तैयारी कर रही है और हमारे विचार से यह कंपनी के लिए एक शानदार सुअवसर है. मैं जांबिया को कंडक्टर्स की सप्लाई के लिए 87,000 यूएस डॉलर मूल्य का अफ्रीका को हमारे प्रथम निर्यात ऑर्डर की घोषणा करते हुए रोमांचित हूं. चल रही इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं और हमारी सब्सिडियरी के मार्फत वहां हमारी व्यूहात्मक उपस्थित से हम हमारे निर्यात कारोबार में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद करते हैं. हम जांबिया और अफ्रीका में मजबूत संबंध बनने की प्रतीक्षा कर रहे हैं. हम बेकार ट्रांसफार्मर को दुरुस्त करने के बारे में इलेक्ट्रिकल यूटिलिटीज के साथ भी चर्चा कर रहे हैं और आगे किसी अन्य डेवलपमेंट पर भी जानकारी प्रदान करेंगे. ये उपलब्धियां ग्रोथ और परिचालक उत्कृष्टता के प्रति हमारी मौजूदा प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती हैं, जो हमें भविष्य में निरंतर सफलता की स्थिति में पहुंचाती है। हिताची एनर्जी यूएसए इंक द्वारा शेरा ग्रुप को मान्य वेंडर के रूप में मान्यता दी गई है, जो एक मुख्य माइलस्टोन है और यूएस मार्केट में नए ग्रोथ अवसर का द्वार खोलने के साथ क्वालिटी के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है. शेरा एनर्जी लिमिटेड ने अपनी सब्सिडियरी राजपूताना इंडस्ट्रीज लिमिटेड में अपना निवेश बढ़ाया है. शेरा एनर्जी ने राजपूताना इंडस्ट्रीज में अपना हिस्सा 69.47 प्रतिशत से बढ़कर 73.91 प्रतिशत किया है.

## मनीष यादव को प्रदेश कोषाध्यक्ष का अतिरिक्त प्रभार की ज़िम्मेदारी दी




भोपाल में अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा मध्यप्रदेश की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक का आयोजन प्रदेश अध्यक्ष दादा जगदीश यादव जी की अध्यक्षता में हुई । कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष श्री बलबीर यादव जी ने राष्ट्रीय अधिवेशन में हुए आय व्यय का ब्यौरा समाज के पूरे मध्यप्रदेश से आये प्रतिनिधियों के बीच रखा ।बैठक का संचालन नवनियुक्त प्रधान महासचिव श्री वीरेन्द्र यादव जी ने किया।साथ ही बैठक में विधायक श्री सचिन यादव जी, सहित सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पूरे प्रदेश में भव्य आयोजनों को लेकर विस्तार से मार्गदर्शन दिया ।अन्य सामाजिक एजेंडों पर सभी जिलाध्यक्षों सहित पदाधिकारियों ने बात रखी ।

# टाटा पंच सबसे तेजी से 4 लाख यूनिट्स की बिक्री का आंकड़ा पर करने वाली एसयूवी

### वित्त-वर्ष25 में भारत की नंबर 1 कार भी बनी




**मुंबई, एजेंसी।** एसयूवी बनाने वाली, भारत की अग्रणी कंपनी टाटा मोटर्स ने यह घोषणा की है कि टाटा पंच ने केवल 34 महीनों में सबसे तेजी से 4 लाख यूनिट्स की बिक्री कर शानदार उपलब्धि हासिल की है। टाटा पंच अक्टूबर 2021 में लॉन्च हुई थी और भारत में इसे सब कॉम्पैक्ट एसयूवी कैटेगरी में पेश किया गया था। अपने ऊँचे कद, ज्यादा ग्राउंड क्लीयरेंस और ड्राइविंग की दमदार पोजीशन के साथ पंच एक आकर्षक और बोल्ड एसयूवी है, जो ड्राइविंग का बेहतरीन अनुभव देती है। यह भारत के विभिन्न इलाकों में आसानी से चलती है। इसका प्रदर्शन करते हुए, टाटा पंच उन पहली फ्रंट-व्हील ड्राइव एसयूवी में से एक के तौर पर उभरी है, जिन्होंने संडकफु में उस ऊँचाई पर जीत दर्ज की, जिसका अनुमान नहीं लगाया जा सकता था। खड़ी ढलानों पर अपना रास्ता बनाते हुए, इसने दुनिया को एसयूवी की क्षमता दिखाई है और अपने ही वजन के सामने हर मुश्किल को हराया है।

अपने लॉन्च के पहले ही, पंच को जीएनसीएपी की प्रतिष्ठित 5-स्टार रेटिंग मिल गई थी। उस समय उसे वयस्क यात्रियों की सुरक्षा के लिये जो अंक मिले, वह किसी भी दूसरे वाहन से ज्यादा थे। अगस्त 2022 में पंच ने उद्योग में एक नया मापदण्ड स्थापित किया। सिर्फ 10 महीने की अवधि में वह 1 लाख यूनिट्स की बिक्री का आंकड़ा छूने वाली पहली एसयूवी बन गई। तब से, अगली 1 लाख यूनिट्स की बिक्री का सफर 9 महीनों में तय हो गया और फिर अगले 7 महीनों में कुल 3 लाख यूनिट्स की बिक्री हो चुकी थी। इस उपलब्धि के बारे में टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लि. के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी श्री विवेक श्रीवत्स ने कहा, ''टाटा मोटर्स को हमेशा से भारतीय उपभोक्ता की गहरी समझ के लिये जाना गया है। यह उपलब्धि हमें अनोखे, लेकिन बेहद कार्यात्मक उत्पाद बनाने के लिये सशक्त करती है। पंच के साथ हमने भारत के बाजार में एक नया सब-सेगमेंट पेश किया और एसयूवी की खूबियों को सभी की पहुँच में लेकर आये।

## छिंदवाड़ा में खुलेंगे 15 बाल संस्कार केंद्र



**छिंदवाड़ा।** विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग का तीन दिवसीय बाल संस्कार केंद्र आचार्या वर्ग की आज समाप्ति हुई जिसमें नगर की करीब 30 महिलाओं ने तीन दिन तक सुबह 9:00 बजे से शाम के 5:00 बजे तक प्रशिक्षण लिया और बाल संस्कार केंद्र खोलने की सहमति जताई यह बाल संस्कार केंद्र शहर की गरीब सेवा बस्तियों में 15 स्थान पर निशुल्क खोले जाएंगे जिसमें बच्चों को 4 वर्ष से 14 वर्ष तक के बच्चों को निशुल्क खेलकूद के माध्यम से आध्यात्मिक व्यावहारिक और नैतिक शिक्षा प्रदान की जाएगी। इस शिविर में मैं मुख्य रूप से प्रांत टोली सदस्य अजय बंदेवार जी विभाग सत्संग प्रमुख अन्नी लाल जी दुबे विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष अरविंद प्रताप सिंह मातृशक्ति विभाग संयोजीका किरण शर्मा जी एवं दुर्गा वाहिनी की सह संयोजीका कीर्ति रघुवंशी का विशेष योगदान रहा जिन्होंने शिविर में लगातार अपनी उपस्थिति देकर वर्ग में आई हुई आचार्य बहनों को प्रशिक्षण दिया समापन सत्र में बहन शालिनी विवेक साहू ने भी आचार्य बहनों को संबोधित किया इस पूरे कार्यक्रम में नरेंद्र साहू जी का विशेष योगदान रहा जिन्होंने हमें शिविर के लिए हाल एवं अन्य सुविधाएं प्रदान की

## कोल इंडिया पेंशनर की बैठक कल

छिंदवाड़ा। कोल इंडिया सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ समिति शाखा छिंदवाड़ा की उप शाखा अंबाड़ा की बैठक कल दिनांक 06 अगस्त मंगलवार को दोपहर 12 बजे से परसुराम बाटिका के सामने, मध्यप्रदेश पेंशनर सदन छिंदवाड़ा में आहूत की गई है। इस अवसर अध्यक्ष पी.आर. डेहरिया बैठक की अध्यक्षता करेंगे एवं एन.पी. मिश्रा, जे.टी. वर्मा, कोषाध्यक्ष एच.एस. राजपूत, अब्दुल वहीद, एस.एल. पवार शिवपुरी से मस्तान खान एवं साथीगण, न्यूटन से एल.जी. ठाकुर और कन्हान पेंच के सभी पेंशनरों से अपील है कि उपस्थित होकर बैठक को सफल बनायें।

## मंडी निरीक्षक भारत ढोले सेवा निवृत हुये




**छिंदवाड़ा/चौरई।** कृषि उपज मंडी समिति चौरई जिला छिंदवाड़ा में पदस्थ मंडी निरीक्षक भारत ढोले अपनी अर्धवार्षिक आयु पूरी कर दिनांक 31 जुलाई 2024 को सेवा निवृत्त हो गए श्री डोल लगभाग 35 वर्षो तक मंडी की सेवा में रहें ,श्री डोले जबलपुर सम्भाग की मंडियों में पदस्थ रहे, श्री डोले ने हमेशा निडरता के साथ मंडियों में अपनी सेवाएँ दी और मंडियों की आय आवक में निरंतर वृद्धि की, इस दौरान उन्हे उत्कृष्ठ कार्य हेतु प्रशंसा पत्र भी प्रदाय किये गए 31.7.2024 को श्री डोल सेवा निवृत्त हुए जिनकी विदाई के अवसर पर मंडी सचिव श्रीमती नीतू उइके ने श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर विदाई दी ,इस अवसर पर मंडी समिति के कर्मचारी एव दूसरे विभाग के कर्मचारी मुख रूप से उपस्थित रहे नगर निगम छिंदवाड़ा से राजीव मालवीय ने भी अपनी उपस्थिति देकर विदाई समारोह में श्री डोले द्वारा किये गए कार्यो की प्रशंसा की मंडी समिति चौरई भारत डोले के उज्जवल भविष्य की कामना के साथ उनके द्वारा किये गए कार्यो के लिए उन्हे धन्यवाद प्रेषित करते है।

## हिंगलाज मंदिर से निकलेंगे दो सौ कांवड़िए, करेंगे अभिषेक



**परासिया।** ब्लाक परासिया क्षेत्र के अंतर्गत मां हिंगलाज देवी मंदिर अंबाड़ा से लगभग 2 सौ कांवड़ियों का जत्था निकलकर ब्लाक जुन्नारदेव के विशाला स्थित छोटा महादेव मंदिर पहुंचकर अभिषेक करेंगे। बीते 13 साल से हर साल यह कांवड़ यात्रा निकाली जाती है। सोमवार को कांवड़ यात्रा के दौरान छोटा महादेव मंदिर परिसर में शिव की सेवक भंडारा समिति जुन्नारदेव द्वारा विशाल भंडारा होगा, जिसका महाप्रसाद ग्रहण कर कांवड़िए और भक्त अपना व्रत पूर्ण करेंगे।श्रीराम जन्मोत्सव समिति अंबाड़ा की कांवड़ यात्रा से जुड़े कमल मदान ने बताया कि लगभग दो सौ कांवड़िए मां हिंगलाज देवी मंदिर में पूजन कर कावड़ में मंदिर का पवित्र जल, दूध और भक्तों द्वारा लाए विभिन्न पवित्र नदियां और कुंड से लाए जल को भरेंगे। 12 किमी यात्रा मार्ग पर आने वाले सभी मंदिरों में देवी- देवताओं के दर्शन पूजन कर पद यात्रा आगे बढ़ती रहेगी।

## छिन्दवाड़ा के शूटरों ने मैडल जीता, साधा निशाना




**छिन्दवाड़ा।** जबलपुर में हुई 11 वी स्टेट शूटिंग चैम्पीयनशीप में शहर के 11शूटरों ने हिस्सा लिया। इनमें पिस्टल कैटेगरी से वैदेही भोयरकर 2 रैंक सिल्वर मेडल प्राप्त किया वही राइफल कैटेगरी से अबीर निर्मलकर 5 वीं रैंक प्राप्त कि और कुणाल वैष्णव, योग्य पाटौदी, काजोल प्रजापती, सोनाली डेहरिया,पिस्टल कैटेगरी से वैभव बसोड़, साक्षी बरकोरिया, पार्थ वर्मा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर आने वाले प्री- नेशनल टूनामेंट के लिये क्वालीफाई किया। द अर्जुन शूटिंग एकेडमी सोसायटी छिन्दवाड़ा कें अध्यक्ष प्रणय बोन्डे एवं सचिव रामकृष्ण बरकोरिया की ओर से सभी खिलाड़ियों को आने वाली प्रतियोगिता के लिये हार्दिक शुभकामनाएँ दी।

# साध्वी लक्ष्मीदास की अग्रीम जमनात खारिज




छिंदवाड़ा/चौरई। छिंदवाड़ा के कनकधाम आश्रम के महन्त कनक बिहारी दास की मृत्यु के बाद उनके बैंक अकाउंट से 90 लाख रूपए हड़पने की आरोपी साध्वी लक्ष्मीदास की अग्रिम जमानत खारिज हो गई है। पुलिस ने कोर्ट को बताया कि खुद को साध्वी लक्ष्मीदास बताने वाली रीना रघुवंशी ने महंत के बैंक अकाउंट से 56 लाख रू. भोपाल के यस बैंक में अपने अकाउंट में ट्रांसफर किए, जबकि 34 लाख रूपए नजदीकियों के अकाउंट में ट्रांसफर किए गए है।

दरअसल, 12 जुलाई को कनकधाम आश्रम के पदाधिकारियों ने छिंदवाड़ा के चौरई थाने में साध्वी के खिलाफ पैसा हड़पने की शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। उससे पहले साध्वी ने अग्रिम जमानत के लिए कोर्ट में याचिका दायर कर दी थी। इसमें कहा था कि महंत कनकबिहारी दास ने उसे बैंक अकाउंट का नॉमिनी बनाया था। सुनवाई के दौरान बैंक की तरफ से कोर्ट में दस्तावेज पेश किए गए। इसमें खुलासा हुआ कि कनकबिहारी दास ने किसी को नॉमिनी नहीं बनाया था। कोर्ट ने इसी आधार पर जमानत याचिका खारिज की यानी महंत के अकाउंट से पैसा साध्वी ने ही निकाला है, ये बैंक दस्तावेज से साबित हो रहा है।

### बैंक की कोई भूमिका नहीं



रीना रघुवंशी महंत कनकबिहारी के एकाउंट में नॉमिनी नहीं है, रीना ने सारा ट्राक्जैक्शन ऑन लाईन किया है। क्योकि वह बैंक कभी नहीं आई न ही मुझ से कोई मुलाकात की इसमें बैंक कोई भूमिका नहीं।

पंकज शर्मा
मैनेजर एस.बी.आई चौरई ब्रांच

### 90 लाख रूपए रघुवंशी समाज के चन्दे के है



हमने कोर्ट को बताया कि महन्त कनकबिहारी दास के एकाउन्ट से ट्राक्जैक्शन किये गये 90 लाख रूपए उन्हे रघुवंशी समाज ने चन्दे के तौर पर दिये थे जिन्हें रीना रघुवंशी ने 40 दिनों के भीतर निकाल लिया इसके प्रमाण हमने बैंक को दिये।

हेमन्त पटेल एडव्होकेट

# नागद्वारी मेले में जा रहे भक्तों की कार कट्टा नदी में बही

**छिंदवाड़ा।** जुन्नारदेव के समीप कट्टा नदी के पुल पर आज सुबह नदी पार करते समय एक कार बह गई ।कार में पांच व्यक्ति सवार थे इसमें से चार व्यक्तियों को बचा लिया गया ।एक व्यक्ति कार के साथ ही बह गया जिसका रेस्क्यू किए जाने के प्रयास जारी है। सभी सवार नागपुर के निवासी बताए जा रहे हैं जो नागद्वारी मेले में जा रहे थे। पुल के ऊपर बाढ़ होने की अवस्था में भी उनके द्वारा कार निकालने का प्रयास किया गया जिसके कारण यह दुर्घटना हुई ।मौके पर प्रशासन पुलिस और बचाव दल मौजूद।



### कलेक्टर - एस.पी. की मौजूदगी में कट्टा नदी पर रेस्क्यू कार्य लगातार जारी

महाराष्ट्र से नागद्वारी मेला जा रही एक कार रविवार की सुबह जिले की तहसील जुन्नारदेव के अंतर्गत थाना दमुआ क्षेत्र में बिचबेहरी और झापिया पंचायत के बीच बहने वाली कट्टा नदी में बह गई थी। कार में सवार सभी 05 श्रद्धालु महाराष्ट्र राज्य के हैं, जिनमें से 04 सुरक्षित पानी से बाहर हैं। एक श्रद्धालु कार सहित पानी में बह गए हैं, जिन्हें ढूंढने के लिए रेस्क्यू कार्य लगातार जारी है। कलेक्टर शीलेंद्र सिंह और पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री घटना की जानकारी लगते ही मौका स्थल पर पहुंच गए थे। दोनों की मौजूदगी में पुलिस, प्रशासन, एसडीआरएफ और जिला होमगार्ड की टीम लगातार नदी में बह गए श्रद्धालु को ढूंढने का प्रयास कर रही है। कलेक्टर ने जिले में लगातार हो रही बारिश को देखते हुये सभी कार्यपालिक अधिकारियों को नदी-नालों की सतत निगरानी करने और बाढ़ की स्थिति में पुल-पुलियों से आवागमन न होने देने की सख्त हिदायत दी है। साथ ही आवश्यक बैरिकेडिंग करने और साइन बोर्ड लगाने के निर्देश भी दिए हैं।



### पेंच नदी बहा युवक का शव बाड़ीबाड़ा में मिला

छिंदवाड़ा माचागोरा निवासी गुरू प्रसाद पिता गोविंद एवम् कमलेश कहार 2 अगस्त को पेंच नदी में मचागोरा के समीप मछली पकड़ने गए थे। दोनो दोस्त नाव में सवार होकर मछली पकड़ रहे थे। अचानक पानी के तेज बहाव में नाव पलट गई थी जिसमे कमलेश कहार बच गया था और गुरु प्रसाद तेज बहाव में बह गया था जिसकी तलाश एन डी आर एफ टीम द्वारा दो दिनों से लगातार की जा रही थी। खबर है कि आज बाड़ीबाड़ा पुल के पास उसका शव बरामद कर लिया गया है।

# छिन्दवाडा पुलिस ने कॉम्बिंग गश्त के दौरान, एक रात्रि में 113 वारंटियो को किया गिरफ्तार

### अवैध गतिविधियों पर लगातार हो रही कार्यवाही




छिंदवाड़ा। प्रदेश स्तरीय रात्रि काम्बिंग गश्त के संबंध में पुलिस मुख्यालय भोपाल (म.प्र.) द्वारा दिये गये निर्देशानुसार जिले में अवैध गतिविधियों में लिप्त व्यक्तियो की निरंतर धरपकड़ व अवैध कार्यो में संलिप्त व्यक्तियों / अपराधियों तथा अपराधों पर अंकुश लगाने व जिले में कानून व्यवस्था बनाये रखने व आदतन अपराधियों पर शिकंजा कसने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा मनीष खत्री के द्वारा विशेष ऑपरेशन चलाकर निरंतर कार्यवाही करने के निर्देश पर छिंदवाड़ा जिले में दिनांक 03-04/08/2024 को शहर व देहात के थाना क्षेत्रो में कॉम्बिंग ऑपरेशन( रात्रि गश्त) किया गया, इस दौरान छिंदवाड़ा पुलिस के समस्त राजपत्रित अधिकारियों द्वारा अपने-अपने अधीनस्थ थाना प्रभारियों के साथ मय पुलिस बल के छिंदवाड़ा शहर एवं देहात क्षेत्र में कॉम्बिंग गश्त किया, कॉम्बिंग गश्त अनुभागवार पुलिस बल को अलग ङ्क अलग स्थानो पर एकत्रित किया जाकर राजपत्रित अधिकारियों द्वारा पुलिस बल को ब्रीफ किया गया उसके बाद अलग ङ्क अलग क्षेत्रो में कॉम्बिंग गश्त के लिये रवाना किया गया। पुलिस टीम द्वारा स्थायी/गिरफ्तारी वारंटियो की धरपकड़ हेतु प्रत्येक थाने में दो अलग-अलग पुलिस टीम तैयार कर वारंटियो की गिरफ्तारी हेतु मुखबिर तंत्र सक्रिय कर एक ही रात्रि में औचक नाईट काम्बिंग ऑपरेशन चलाकर 13 स्थाई वारंटियों व 100 गिरफ्तारी वारंटियों, इस प्रकार कुल 113 वारंटियो को गिरफ्तार किया गया, जिन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया जाता हैं ।आपराधिक गतिविधियो में संलिप्त व्यक्तियो/जिले के गुंडा / निगरानी बदमाश,जिला बदर के अपराधियों, जेल से रिहा आरोपियों, कबाड़ियो को काम्बिंग ऑपरेशन के दौरान पुलिस टीम द्वारा सघनता से चेक किया गया व गुम इंसानो( व्यक्तियों) की दस्तायाबी की गई, जिसमें 108 गुंडा बदमाश, 84 निगरानी बदमाश, 15 जिला बदर के अपराधियों, 20 जेल से रिहा, 37 कबाड़ियो को चेक कर थाना रिकार्ड में इंद्राज किया गया तथा थाना क्षेत्र में विगत दिनो गुम हुए व्यक्तियों को पुलिस टीम द्वारा तलाश की गई जिसमें 03 गुम इंसान को दस्तयाब किया गया ।अवैध शराब/मादक पदार्थ की तस्करी, विक्रय व भंडारण करने वालो के विरुद्ध मुखबिर तंत्र सक्रिय कर तत्काल सूचना पर नाईट काम्बिंग ऑपरेशन के दौरान पुलिस टीमों द्वारा अलग ङ्क अलग स्थानो पर दबिश देकर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत 13 प्रकरणो में 18 आरोपीगणों से कुल 270 लीटर( देशी/विदेशी,कच्ची) अवैध शराब जप्त कर आरोपीगणो के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई।

### सिरगोरी खुर्द गांव पहाड़ के समीप पीएम सड़क फटने से आवागमन बाधित

**परासिया।** छिंदवाड़ा जिले की जनपद पंचायत परासिया की ग्राम पंचायत सिरगोरी खुर्द के निवासियों के लिए यह गांव समस्याओं से घिरा है। केरल राज्य के वायनाड मे गत दिनों लैड स्लाइड से गांव और निवासरत सैकड़ो लोगों की जान चली गई है। यह गांव की भौगोलिक स्थिति भी ऐसी ही है, पहाड़ों से चट्टानें पत्थर खिसकना नदी से भूमि कटाव , हर, वर्ष होता है ,शासन कि योजनाएं का लाभ इस गांव को नहीं मिल रहा है अनेक जनप्रतिनिधि निर्वाचित हुए लेकिन उन्होंने यहां वोट बैंक की राजनीति की है। ग्राम पंचायत की सरपंच चित्रा डेहरिया लगातार इन समस्याओं को लेकर शासन प्रशासन को अवगत कराते आ रही है। लेकिन इस गांव के अस्तित्व को लेकर उन्हें लगातार अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों की संपर्क में है ।इस ग्राम में पहुंचने के लिए पिपरिया मुख्य मार्ग न्यूटन चिखली से मायावाडी होते हुए 5 किलोमीटर सफर कर गांव पहुंचा जा सकता है। इस गांव तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का निर्माण बरसों पूर्व किया गया है गांव के समीप हनुमान मंदिर से 300 मी. सड़क हर वर्ष बारिश के कारण गहरी दरारें पड़ती है जिसके कारण आवागमन करने में कई कठिनाई का सामना पड़ता है परंतु दो पहिया से लेकर चार पहिया वाहन भी गाँव तक नहीं पहुंच पाते, लोगों को पैदल ही इस गांव में जाना पड़ता है

## नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि ने शहर का भ्रमण कर लिया समस्याओं का जायजा



सांध्य प्रकाश, विदिशा। पिछले दो दिनों से लगातार हो रही अधिक बारिश से भदभदा, कलिया सौत डेमों के गेट खोले गए हैं जिससे नदी का जल स्तर भी लगातार बढ़ रहा है। बेतवा नदी भी उफान पर है एवं शहर में बस्ती की ओर जल स्तर नदियों का बढ़ रहा है।

इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा ने सीएमओ अनिल विदुआ सहित नपा के अधिकारी कर्मचारियों के साथ विदिशा शहर में जल भराव की समस्या का जायजा लिया। उनके साथ पार्षद संजय अग्रवाल, राजेश लोधी, सतीश यादव भी मौजूद रहे। उन्होंने वार्ड क्रमांक 30, 33, 34 में करैयाखेड़ा रोड पर नाले की समस्या को देखा एवं पानी की निकासी के लिए तत्परता से उसकी निकासी की व्यवस्था कराई एवं वहां के लोगों की समस्याओं को भी सुना। दो दिन से हो रही बारिश से ज्यादातर डेमों के गेट खोले गए हैं, जिससे नदियों का जल स्तर भी तेजी से बढ़ रहा है एवं शहरों में नदियों का पानी आ पहुंचा है इसलिए नगरपालिका अपने अमले के साथ पूरी मुस्तैदी से लगी हुई है एवं नदी किनारे के लोगों को उनके उचित स्थान पर पहुंचाने की व्यवस्था भी कर रही है।

## विद्यार्थियों के हित में हमेशा कदम उठाते रहेंगे: बंटी विवेक साहू

### पैरामेडिकल कॉलेजो में अध्यनरत 500 से अधिक विद्यार्थियो को अब बाहर परीक्षा देने नही जाना पड़ेगा



छिन्दवाडा। जिले में संचालित होने वाले पैरामेडिकल कॉलेजो में अध्यनरत विद्यार्थियों को अब परीक्षा देने के लिए जिले से बाहर नही जाना पड़ेगा। सांसद श्री. बंटी विवेक साहू के प्रयासो से अब छिन्दवाडा में ही परीक्षा केन्द्र बना दिया गया हैं।छिन्दवाडा जिले में संचालित होने वाले पैरामेडिकल कॉलेजो के संचालको ने सांसद बंटी विवेक साहू से मुलाकात करके छिन्दवाडा में परीक्षा केन्द्र बनाने की मांग की थी। जिसे गंभीरता से लेते हुए सांसद ने तत्काल ही भोपाल में अलाइड हेल्थकेयर कौंसिल भोपाल के रजिस्ट्रार डॉ शेलोज जोशी और छिन्दवाडा मेडिकल कॉलेज के डीन अभय कुमार को फोन लगाकर छिन्दवाडा में परीक्षा केन्द्र बनाने के लिए कहा था। जिसके बाद अलाइड हेल्थकेयर कौंसिल भोपाल के राजिस्ट्रार ने एक वार्षिय पाठ्यक्रम के लिए छिन्दवाडा में परीक्षा केन्द्र बनाने के आदेश जारी कर दिये हैं। उल्लेखनीय हैं कि छिन्दवाडा में विभिन्न पैरामेडिकल कॉलेजो में लगभग 500 छात्र/छात्राएं अध्यनरत हैं। जिन्हें परीक्षा देने के लिए जबलपुर जाना पड़ता था, जिससे उन्हे आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता था। पिछले सत्र 2020-2021 में जबलपुर आयुर्वेद कॉलेज में परीक्षा आयोजित कि गई थी जिसमें लगभग 50 प्रतिशत से कम विद्यार्थी ही शामिल हो पाये थे। जिसकी मुख्य वजह छिन्दवाडा से परीक्षा केन्द्र की दूरी और तीन से चार दिन तक जबलपुर में रूकने में हो रही आर्थिक परेशानी थी। सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों छिन्दवाडा में मेडिकल कॉलेज में परीक्षा केन्द्र बन जाने से लगभग 100 प्रतिशत विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। छिन्दवाडा में परीक्षा केन्द्र बनाने के लिए समस्त कॉलेज संचालको और विद्यार्थियों ने सांसद बंटी विवेक साहू का आभार व्यक्त किया हैं। इस सम्बंध में सांसद बंटी विवेक साहू का कहना हैं कि छिन्दवाडा में पैरामेडिकल का परीक्षा केन्द्र बना दिया गया है, आगे भी विद्यार्थियों के हित में जो भी कदम उठाने पड़े उसके लिए में हमेशा प्रयासरत रहूँगा। छिन्दवाडा में परीक्षा केन्द्र बनाने के बाद आज पैरामेडिकल कॉलेजों के संचालकों ने सांसद बंटी विवेक साहू से मुलाकात करके उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मनोज सिंह राजपूत, अरविंद कुशवाह, देवेंद्र खांडेकर, मोहम्मद आसिम, महेश डिगरसे, पवन पवार,असलम अंसारी, शीतल श्रीवास्तव, शेख अफसार अंसारी, आशीष कटकवार उपस्थित थे।

## किसानों और गरीबों की सेवा करने में सहकारिता कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका: सांसद

### सहकारिता समिति कर्मचारी महासंघ ने सांसद का किया सम्मान




**छिंदवाड़ा।** किसानों और गरीबों की सेवा करने में सहकारिता समिति के कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है कर्मचारी ईमानदारी के साथ लोगों की सेवा करते रहे यही उनसे अपेक्षा है। उक्त उद्बोधन सांसद श्री बंटी विवेक साहू जी ने मध्य प्रदेश सहकारिता समिति कर्मचारी महासंघ के कार्यक्रम में व्यक्त किए। और कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों ने सांसद का स्वागत किया।सांसद श्री साहू ने कहा कि भाजपा सरकार ने जो वायदे कर्मचारियों के लिए किए थे उसे पूरा किया है मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव जी ने हर वर्ग के लोगों की चिंता की है और उनका काम कर रहे हैं। सहकारिता के क्षेत्र में भी बड़ा बदलाव होने वाला है देश के गृहमंत्री एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह जी के नेतृत्व में आमूल चूल परिवर्तन होगा इससे किसान ऑन के साथ गरीबों और कर्मचारियों का भी हित होगा। कर्मचारियों का हित होगा। सांसद ने कहा कि पहले जब आप सांसद से मिलते थे। तो घंटो इंतजार करना पड़ता था यह परंपरा अब समाप्त हो गई है जब भी कोई समस्या हो मुझसे से सीधे मिल सकते हैं या फोन कर सकते हैं। कई वर्षो से छिंदवाड़ा को एक ही परिवार के लोगों ने छला है अब छिंदवाड़ा को आदर्श जिला बनना है इसमें सभी के सहयोग की आवश्यकता है इसके लिए गांव गांव जायेंगे लोगों से चर्चा होगी, सुझाव लेंगे और सभी की परेशानी दूर करने का काम किया जाए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महापौर विक्रम अहके, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष संजय पटेल, संतोष पटेल, योगेश साहू, जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष भरत घई, दिनेशकांत मालवी, चंदू जैन एवं कर्मचारी महासंघ के जिला पदाधिकारी गोविंद ओक्टे, अशफाक कुरैशी, योगेश रघुवंशी, प्रदेश पदाधिकारी मे प्रशांत लाडे, धरमवीर कडवे, विनोद राजपूत सहित बड़ी संख्या मे सहकारी समिति के कर्मचारी उपस्थित थे।

## कड़ी मशक्कत से बैल को कुएं से निकाला

**छिंदवाड़ा।** विश्व हिन्दू परिषद् जिला गौ रक्षा प्रमुख ऋषभ तिवारी ने बताया कि रविवार दोपहर करीब 1 बजे बिश्व हिन्दू परिषद् को सूचना मिली कि एक लावारिश बैल पातालेश्वर रेलवे कोटर के पास मकान का निर्माण कार्य चल रहा है जिसके तल घर में भरे पानी और गहरे कुएं, जिसमे क्षतिग्रस्त लोहे की जाली लगी हुई थी। जाली में बैल के चढ़ने से जाली टूट गई और बैल कुएं में जा गिरा आश्चर्य की बात है बैल ने तैरते हुए बहुत देर तक अपने आप को पानी के ऊपर रखा। जिसकी जानकारी क्षेत्रवासियों एवं विहिप कार्यकर्ताओं को लगने पर नगरपालिका स्वास्थ्य विभाग अधिकारी अनिल मालवी एवं वाहन प्रभारी मंगेश पवार की पूरी टीम वहॉ पहुंची और कुएं की एक साइड की दीवाल को तोड़, रस्सी की सहायता से कड़ी मशक्कत के 2 घंटे बाद बैल को कुएं से सुरक्षित बाहर निकाला गया।

### सर्वसम्मति से जिले के विकास हेतु राशि 3.36 करोड़ की कार्ययोजना बनाकर अनुमोदित की गई

# जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक आयोजित

**सांध्य प्रकाश, विदिशा।** रविवार को जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी की अध्यक्षता में जिला पंचायत विदिशा की सामान्य सभा की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से 15वां वित्त योजनांतर्गत वर्ष 2024-25 की कार्ययोजना निर्माण व उसका अनुमोदन का विषय रखा गया।




जिला पंचायत सीईओ डॉक्टर योगेश भरसट ने 15वें वित्त योजना के शासन निर्देशों से सदन को अवगत कराया गया तथा जिला पंचायत में प्राप्त होने वाली टाईड व अनटाईड मद में प्राप्त होने वाली राशि की जानकारी दी।

सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से जिले के विकास हेतु राशि 3.36 करोड़ की कार्ययोजना बनाकर अनुमोदित की गई। बैठक में विधायक बासौदा प्रतिनिधि कैलाश रघुवंशी, जिला पंचायत सदस्य तखतसिंह राय, धनराज दांगी, किरन मीना, दीक्षा लोधी, सीमा अहिरवार, विनिता सहरिया, पंकज ऐलिया, चैतन्य विक्रम सिंह, रामकली कुशवाह, मोहर सिंह, राशि अहिरवार, निशा रघुवंशी, पार्वती रघुवंशी एवं जनपद अध्यक्ष वीरसिंह रघुवंशी सहित जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।




इंदौर के प्रतिष्ठित चिकित्सक डा. सुवीर जैन रांची में आयोजित चौदहवीं ईएनटी कान्क्लेव में हिस्सा लिया। वहां उन्हें उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। कान्क्लेव में एलर्जिक राइनाइटिस पर विशेष चर्चा की गई।

## सोमवार और मंगलवार को सीएम और सभी मंत्री भोपाल में रहेंगे, विधायक-सांसदों से करेंगे भेंट



**भोपाल।** विधायक और सांसदों को मुख्यमंत्री या मंत्रियों से मिलने के लिए भटकने की आवश्यकता नहीं होगी। सोमवार और मंगलवार को सभी भोपाल में उपस्थित रहेंगे और विधायक-सांसदों से भेंट करेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यह व्यवस्था बनाई है। इन दोनों दिन वरिष्ठ अधिकारियों को भी मंत्रालय में रहना होगा ताकि कोई जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्र के विकास कार्यों के संबंध में मिलना चाहता है तो आसानी से भेंट हो सके। संभागीय बैठकों के दौरान यह सुझाव सामने आया था कि जनप्रतिनिधि क्षेत्र के विकास से जुड़े मामलों को लेकर मुख्यमंत्री या मंत्रियों से भेंट करना चाहते हैं तो इसके लिए दिन निर्धारित होने चाहिए।

मुख्यमंत्री ने इस सुझाव को मान्य करते हुए यह व्यवस्था बनाई है कि प्रति सप्ताह सोमवार और मंगलवार को वे और सभी मंत्री भोपाल में उपस्थित रहेंगे। जनप्रतिनिधि उनसे भेंट कर सकते हैं। दरअसल, मुख्यमंत्री चाहते हैं कि जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्र की विकास योजनाओं और समस्याओं को लेकर सरकार से सीधे संपर्क में रहें।यही कारण है कि संभागीय बैठकों में भी उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों को न केवल भागीदार बनाया बल्कि उनके मान्य योग्य सुझावों को स्वीकार करते हुए व्यवस्थाओं के निर्देश भी मौके पर ही दिए।

## कलेक्टर ने कस्बा भिण्ड पटवारी को निलंबित किया

भिण्ड। कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने पटवारी सुधीर सिंह चौहान को अभिलेखों को गैर सरकारी व्यक्तियों को सौंपने और निर्देशों के बावजूद कार्यालय में अनुपस्थित रहने के कारण निलंबित कर दिया है। आदेश के अनुसार, पटवारी हल्का नं. 7/1 कस्वा भिण्ड तहसील के सुधीर सिंह चौहान को उनके कार्यों में लापरवाही के चलते तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि के दौरान, उनका मुख्यालय तहसील मेहगांव रहेगा और उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा। यह आदेश तुरंत प्रभावी होगा।

## डा. आर एस तिवारी का निधन



अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पिताजी डा. आर एस तिवारी का देवलोक गमन आज 5 अगस्त को हो गया है।

उनकी अंतिम यात्रा आज दोपहर 12 बजे उनके निज निवास ईएक्स-जूनियर एमआईजी- 29 से भदभदा विश्रामघाट के लिए प्रस्थान करेगी।।

अशेष तिवारी, विशेष तिवारी- 9826010002





# महाकाल की नगरी में डमरू नाद का विश्व रिकार्ड

## 1500 डमरु वादकों ने उत्साह और उमंग से बजाया डमरु

**उज्जैन।** श्रावण मास का तीसरा सोमवार उज्जैन में नई आभा लेकर आया। श्री महाकालेश्वर मंदिर के महाकाल लोक स्थित शक्तिपथ पर 1500 डमरू वादकों ने मनमोहक लयबद्ध प्रस्तुति देकर विश्व रिकॉर्ड बनाया। भगवान भोलेनाथ के प्रिय वाद्य यंत्र डमरू के नाद से अवंतिका नगरी गूंजी। उज्जैन में 1500 वादकों ने डमरू वादन कर फेडरेशन ऑफ इंडियन एसोसिएशन न्यूयॉर्क के 488 डमरू वादन का रिकार्ड तोड़ा। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की पहल पर उज्जैन ने डमरू वादन का विश्व कीर्तिमान रचा। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के एडिटर श्री ऋषिनाथ ने डमरु वादन के वर्ल्ड रिकॉर्ड का सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने डमरू वादन के विश्व रिकॉर्ड के लिए उज्जैन को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

25 दलों के 1500 डमरु वादकों ने भस्म आरती की धुन पर डमरु वादन कर भगवान महाकाल की स्तुति की।गिनीन बुक विश्व रिकार्ड बनाने के लिए एक साथ 1500 कलाकार भगवान शिव को प्रिय वाद्य डमरू, झांझ मंजीरे की सुरमयी मंगल ध्वनिआकर्षण का केंद्र बन गई। समूची उज्जैन नगरी डमरू की गूंज से गुंजायमान हो गई। महाकाल महालोक के सामने शक्तिपथ पर अदभुत अनूठे आयोजन में भगवा वस्त्रों में डमरूवादक कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुति ने सभी को भाव विभोर किया। जिला प्रशासन और महाकाल प्रबंध समिति के प्रयासों से डमरू वादन का सफल कार्यक्रम आयोजित हुआ।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के विशेष पहल से बाबा महाकाल की सवारी और भी भव्य व दिव्य होती जा रही है। उन्होंने सवारी को भव्यता प्रदान करने के लिए अनूठे प्रयास किए हैं। बाबा महाकाल की विगत दो सवारी में जनजातीय लोकनृत्यों और 350 सदस्यीय पुलिस बैंड की प्रस्तुति दी गई। तृतीय सोमवार को निकाली जाने वाली तीसरी सवारी में डमरू का वादन किया जा रहा है।







महाकाल लोक के रुद्रसागर के समीप शक्तिपथ पर आयोजित डमरू वादन के कार्यक्रम में डमरू के नाद से अवंतिका नगरी गूंजी। उज्जैन में 1500 वादकों ने डमरू वादन कर फेडरेशन ऑफ इंडियन एसोसिएशन न्यूयॉर्क के 488 डमरू वादन का रिकार्ड तोड़ा। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की पहल पर उज्जैन ने डमरू वादन का विश्व कीर्तिमान रचा। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के एडिटर ऋषिनाथ ने 0 डमरु वादन के वर्ल्ड रिकॉर्ड का सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने डमरू वादन के विश्व रिकॉर्ड के लिए उज्जैन को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

25 दलों के 1500 डमरु वादकों ने भस्म आरती की धुन पर डमरु वादन कर भगवान महाकाल की स्तुति की।गिनीन बुक विश्व रिकार्ड बनाने के लिए एक साथ 1500 कलाकार भगवान शिव को प्रिय वाद्य डमरू, झांझ मंजीरे की सुरमयी मंगल ध्वनिआकर्षण का केंद्र बन गई। समूची उज्जैन नगरी डमरू की गूंज से गुंजायमान हो गई। महाकाल महालोक के सामने शक्तिपथ पर अदभुत अनूठे आयोजन में भगवा वस्त्रों में डमरूवादक कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुति ने सभी को भाव विभोर किया। जिला प्रशासन और महाकाल प्रबंध समिति के प्रयासों से डमरू वादन का सफल कार्यक्रम आयोजित हुआ।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के विशेष पहल से बाबा महाकाल की सवारी और भी भव्य व दिव्य होती जा रही है। उन्होंने सवारी को भव्यता प्रदान करने के लिए अनूठे प्रयास किए हैं। बाबा महाकाल की विगत दो सवारी में जनजातीय लोकनृत्यों और 350 सदस्यीय पुलिस बैंड की प्रस्तुति दी गई। तृतीय सोमवार को निकाली जाने वाली तीसरी सवारी में डमरू का वादन किया जा रहा है।

महाकाल लोक के रुद्रसागर के समीप शक्तिपथ पर आयोजित डमरू वादन के कार्यक्रम में डमरू उत्सव में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, सांसद अनिल फिरोजिया, राज्यसभा सांसद उमेशनाथ जी महाराज, विधायक अनिल जैन कालूहेडा, विधायक सतीश मालवीय, महापौर मुकेश टटवाल, नगर निगम सभापति श्रीमति कलावती यादव, राजेश सिंह कुशवाह, नरेश शर्मा, विवेक जोशी, पुजारी आशीष शर्मा, संभागायुक्त श्री संजय गुप्ता, पुलिस महानिरीक्षक संतोष कुमार सिंह, कलेक्टर नीरज कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा, मंदिर प्रशासक मृणाल मीना सहित अन्य जनप्रतिनिधि, संतजन एवं दर्शक उपस्थित रहे।

**4 बजे निकलेगी सवारी-** अपरान्ह 4 बजे राजाधिराज महाकाल प्रजा का हाल जानने निकलेंगे। सवारी में महाकाल चांदी की पालकी में चंद्रमौलेश्वर, तो हाथी पर मनमहेश के स्वरूप में विराजित होंगे। महाकाल की भस्म आरती के लिए रविवार-सोमवार की दरमियानी रात 2.30 बजे मंदिर के पट खोले गए। भस्म आरती के दौरान भांग, चंदन, सूखे मेवों और आभूषणों से बाबा महाकाल का राजा स्वरूप दिव्य श्रृंगार किया गया। भस्म आरती के 15 हजार से अधिक श्रद्धालु ने दर्शन किए। मंदिर में बाबा के दर्शन का सिलसिला रात 10.30 बजे तक चलेगा।

## द्वितीय भोपाल बैडमिंटन लीग 22 अगस्त से



भोपाल। भोपाल बैडमिंटन टूर्नामेन्ट लीग-2024 का आयोजन भोजपुर वलब में दिनांक 22 अगस्त से 25 अगस्त के बीच किया जा रहा है जिसमें भोपाल की आठ पोन्पाईसी ओर 150 खिलाडियों कां आवशन दिनांक 10 अगस्त को कर आठ टीमें बनाई जायेगी जिसमें 35 वर्ष की आयु पलस से उपर वो वर्गों के खिलाड़ी भाग लेगे प्रतियोगिता में शुरुवात में 2 ग्रुपो में लीग मैच होगे उसके बाद सेमीफाइनल एवं फाईनल होगे। प्रत्येक टीम में 16 खिलाड़ी होगे तथा वेस्ट आफ 7 उब्लस मैच खेले जायेगे।

खिलाडियों के आक्शन की अनुमानित दिनांक 10 अगस्त तय की गई है टीमों के फेनबाईस के नाम हैं- 1. गीत नीनजास, 2. गोल्डन दीप शटलर्स, 3. फेन्डस क्लब, 4. बैंडमिंटन बारी, 5. जी बी पैन्चर्स, 6. सुरेन्द्र सूरमास, 7. आईसेक्ट, 8. विजय भारत।

## कॉलेजों में अधूरी तैयारी के साथ शुरू कर दिया स्नातक चतुर्थ वर्ष कोर्स, अब तक किताबें भी तैयार नहीं

**भोपाल।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत मध्य प्रदेश के कॉलेजों में इस सत्र से स्नातक (यूजी) चार साल का किया गया है। इसमें दो तरह के विकल्प ऑनर्स और ऑनर्स विथ रिसर्च है। इस पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, लेकिन प्रवेश की संख्या काफी कम है। अब तक एक हजार विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। 20 अगस्त तक यूजी चतुर्थ वर्ष में प्रवेश मिलेगा, लेकिन उच्च शिक्षा विभाग किताबें तैयार नहीं करवा पाया है। इससे चतुर्थ वर्ष में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की पढ़ाई कैसे शुरू हो पाएगी।



कॉलेजों में अब तक प्रवेश प्रक्रिया पूरी नहीं की गई है, जबकि अगस्त से कक्षाएं लगनी थी। जानकारी के अनुसार अब तक इस पाठ्यक्रम की किताबें प्रकाशित नहीं की गई हैं। बताया गया है कि किताबों के प्रकाशन में दो महीने से भी ज्यादा का समय लग सकता है। मध्य प्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी विद्यार्थियों के लिए किताबों का प्रकाशन करती है।

उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति का यह चौथा साल है। यह तय था कि चतुर्थ वर्ष रहेगा, फिर भी सिलेबस और किताबों का प्रकाशन समय से नहीं हुआ। हालांकि, प्रदेश के कालेजों में करीब एक लाख विद्यार्थियों के चतुर्थ वर्ष में प्रवेश लेने की संभावना है। प्रोफेसरों का कहना है कि किताबें तैयार नहीं होने से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होगी। जानकारी के अनुसार सिलेबस देर से तैयार होने की प्रमुख वजह प्लानिंग की कमी रही। जानकारों का कहना है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होते ही सिलेबस पर काम होना चाहिए था। जल्दबाजी में फैसले लिए गए और इस वजह से किसी भी वर्ष किताबें समय पर प्रकाशित नहीं हो सकीं।

### पाठ्यक्रम देर से तैयार हुआ

यूजी चतुर्थ वर्ष की प्रक्रिया शुरू से धीमी गति से हुई। विभाग में पाठ्यक्रम तैयार करने का काम जून तक चलता रहा। इसके बाद इसे अपलोड किया गया। अब हिंदी ग्रंथ अकादमी के माध्यम से किताबों के लिए लेखन कार्य चल रहा है। उच्च शिक्षा विभाग ने इस साल फरवरी-मार्च से ही सिलेबस बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी। विभाग को चतुर्थ वर्ष के लिए 80 से ज्यादा विषयों का पाठ्यक्रम तैयार करना था। लेकिन, कई विषयों का काम अब भी अधूरा है।

### बिना किताबों के कैसे पढ़ेंगे विद्यार्थी

बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय जैन ने कहा कि अब तक किताबें नहीं मिली हैं। कक्षाएं लगेंगी तो प्रोफेसर्स अपने अनुभव के आधार पर पढ़ाएंगे। इसमें विद्यार्थियों को समस्या होगी। किताबों के लेखन के बाद अशुद्धि दूर करने के लिए दोबारा जांच होती है। इसके बाद प्रकाशन में भी समय लगता है। किताबें मिलने में करीब दो माह का समय लगेगा।

## जनसंपर्क अधिकारी पूजा थापक सुसाइड केस में उनका नायब तहसीलदार पति गिरफ्तार, दोस्त के घर फरारी काट रहा था

**भोपाल।** सहायक संचालक पूजा थापक को खुदकुशी के लिए उकसाने के आरोपित उनके नायब तहसीलदार पति निखिल दुबे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित दिल्ली में अपने दोस्त के घर पर फरारी काट रहा था। अब इस मामले में मृतका की सास की तलाश की जा रही है। चौंकाने वाली बात यह है कि आरोपित की गुपचुप तरीके से यह गिरफ्तारी की गई है।

बता दें कि 9 जुलाई को 33 वर्षीय पूजा थापक ने अपने साकेत नगर ससुराल में पति से विवाद के बाद फांसी लगाकर जान दे दी थी। बाद में पुलिस ने उनके स्वजनों के बयान और सोशल मीडिया के वाट्सएप पर



बातचीत की चेटिंग को साक्ष्य के रूप में आधार मानकर उनके पति निखिल दुबे और उनकी सास आशा दुबे पर दहेज के लिए आत्हत्या के लिए उकसाने की धाराओं में एफआइआर दर्ज की थी। बाद यह दोनों घर से फरार हो गए थे, पुलिस उनकी तलाश कर रही थी। इस दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि निखिल दुबे दिल्ली में अपने दोस्त के घर पर छिपा हुआ है। पुलिस की एक टीम दिल्ली पहुंची और उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को रविवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

**शादी कर ली लेकिन विवाद होने लगे-** पूजा थापक और निखिल दुबे दोनों एक साथ मप्र लोक सेवा आयोग प्रतियोगी परीक्षा की एक साथ इंदौर में तैयारी करने के दौरान मिले थे, पूजा थापक ग्वालियर की रहने वाली थी। बाद में दोनों का चयन हुआ तो पूजा जनसंपर्क विभाग में सहायक संचालक हो गई और निखिल दुबे नायब तहसीलदार बन गए। दोनों ने बाद शादी कर ली और उनका एक बेटा भी है। बाद में दोनों के बीच में विवाद होने लगा था।

# बारिश से उफनी नदियां, कई जगह फंसे लोग, रेस्क्यू जारी

**भोपाल।** प्रदेश समेत भोपाल में 10 साल बाद ऐसा अटूट मानसून आया है। प्रदेश में अब तक सामान्य से 14 प्रतिशत ज्यादा बारिश हो चुकी है। इसका असर यह हुआ कि प्रदेश 54 में से 30 डेम 60 प्रतिशत से 80 प्रतिशत तक भर गए हैं। पूरे प्रदेश में लगभग बारिश की जरूरत पूरी हो चुकी है। राजधानी में शनिवार शाम से रविवार शाम तक (24 घंटे में) सवा 3 इंच बारिश हुई। यहां अब 42 इंच बारिश का आंकड़ा पार भी पार हो गया है। भारी बारिश के कारण बड़े तालाब को भरने वाली कोलांस नदी 10 फीट पानी आ गया है। रविवार सुबह भदभदा डेम के 2 गेट खोले गए। भोपाल में ही रविवार सुबह कलियासोत डेम के 11 और कोलार के 4 गेट खुले। प्रदेश में 17 डेम के 109 गेट खोले। परासिया नाले पर 5 फीट पानी आने से भोपाल का सागर से संपर्क टूटा रहा। बारिश थमने के दो घंटे बाद ट्रैफिक शुरू हुआ।

**विदिशा में मंदिर में फंसे लोग-** इधर, बारिश-बाढ़ के बीच विदिशा के पोहरी में एक मंदिर में 8 लोग फंस गए। एसडीईआरएफ टीम ने इन्हें सुरक्षित निकाल लिया। हरदा में रपटों पर पानी होने से भीतरी मार्ग बंद हो गए। रायसेन में नर्मदा नदी में एक व्यक्ति के कूदने और नाले में एक बच्चे के बहने की जानकारी मिली है। छतरपुर और बालाघाट में एक-एक



महिला और खरगोन में एक पुरुष की डूबने से मौत हो गई। सीएम डॉ. मोहन यादव ने जिला और पुलिस प्रशासन को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं।

**भदभदा के 2, कोलार के 4 और कलियासोत के 11 गेट खोले गए-** 60 से 80 फीसदी तक भरे डैम... प्रदेश के ज्यादातर सिंचाई डैम 60 से 80 फीसदी तक भर गए हैं। कलियासोत के सभी 11, कोलार के 4 गेट खोले गए। तवा डैम के 3 गेट, राजघाट के 12 गेट और संजय सागर का 1 गेट खोला गया।

**यहां बारिश और बाढ़ की चेतावनी-** रायसेन, विदिशा, सागर, राजगढ़, सीहोर, आगर मालवा, शाजापुर , गुना , शिवपुरी, अशोक नगर, देवास, श्योपुर, मंदसौर, रतलाम, टीकमगढ़, छतरपुर, दमोह और कटनी।

**शिवपुरी में सिंधु नदी में फंसे 18 लोगों का रेस्क्यू-** प्रदेश में बारिश से छोटी-बड़ी नदियां उफान पर हैं। बरगी, बाणसागर जैसे 10 बड़े बांधों के गेट खोलकर पानी छोड़ा जा रहा है। सोमवार सुबह शिवपुरी में सिंध नदी में उफान आने से टापू पर 18 लोग फंस गए थे। दो घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस और एसडीईआरएफ की टीम ने उनका रेस्क्यू किया।

शिवपुरी के कोलारस थाना क्षेत्र में रेशम माता मंदिर के पास सिंधु नदी पर पुल का निर्माण कार्य चल रहा है। काम में जुटे मजदूरों को नदी किनारे ठाकुर बाबा मंदिर के टापू पर ही शेल्टर बनाकर ठहराया गया है। रविवार रात मजदूर शेल्टर में सोए थे। सुबह जब उठे तो चारों तरफ से नदी के पानी से घिर चुके थे।

### हरदा में दीवार गिरी

हरदा में रविवार रात जर्जर मकान की दीवार ढह गई। छिंदवाड़ा में कट्टा नदी में बहे युवक की तलाश आज दूसरे दिन भी जारी है। उधर, उत्तराखंड में केदारनाथ यात्रा पर गए धार के 6 यात्रियों को सेना के हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू किया गया। जबलपुर में बरगी बांध 94 प्रतिशत भर चुका है। ऐसे में सोमवार दोपहर तक डैम के और तीन गेट खोले जा सकते हैं। नर्मदापुरम में भी नर्मदा का जलस्तर सामान्य से 20 फीट ऊपर है। फिलहाल, यह खतरे के निशान से 13 फीट नीचे बह रही है।

### एमपी में अब तक 20 प्रतिशत बारिश ज्यादा हुई

प्रदेश में मानसून की एंट्री 21 जून को हुई थी। एक सप्ताह में ही पूरे प्रदेश में मानसून छा गया था, तभी से तेज बारिश का दौर चल रहा है। इस वजह से अब तक 20 प्रतिशत बारिश ज्यादा हो चुकी है। प्रदेश के पश्चिमी हिस्से- भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, चंबल, उज्जैन और नर्मदापुरम संभाग में औसत से 22प्रतिशत और पूर्वी हिस्से- जबलपुर, रीवा, शहडोल और सागर संभाग में औसत से 17 प्रतिशत अधिक बारिश हो चुकी है। मौजूदा सिस्टम से पहले पूर्वी हिस्से में कम बारिश हुई थी।